
P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 70
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com


राष्ट्रपिता को नमन...

**अंदर के पन्नों पर...**

इंदौर-दाहोद रेल लाइन प्रोजेक्ट में तेजी



पेज-2

फराह खान ने नुसरत भरूचा की खुलकर की तारीफ



पेज-5

नगर निगम लेगा 1530 करोड़ का कर्ज



पेज-6

# चुनाव 3 साल दूर, अभी से ही दलित राजनीति हुई शुरू

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में एक बार फिर दलित राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस दलितों और आदिवासियों को साधने में जुटी है। वह ग्वालियर में डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा हाई कोर्ट खंडपीठ के परिसर में लगाने को लेकर हुए विवाद में दलितों के साथ खड़ी हुई।

कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया से लेकर पार्टी के अन्य नेता दलित संगठनों के साथ विवाद में एकतरफा खड़े रहे। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की अगुआई में दलित एजेंडा तैयार करने काम प्रारंभ किया गया है। वहीं, कांग्रेस ने आइएएस अधिकारी संतोष वर्मा के ब्राह्मण बेटियों को लेकर दिए असभ्य बयान का विरोध न करके आदिवासी वर्ग को समर्थन का संदेश देने का काम किया है। प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा में एससी के लिए 35 और एसटी के लिए 47 सीटें सुरक्षित हैं। इसके अलावा लगभग 40 सीटें और ऐसी हैं, जिनमें दोनों वर्ग प्रभावी भूमिका निभाते हैं। यही कारण है कि कांग्रेस हो या भाजपा के नेता दलित आदिवासी की चिंता करते हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दों के कारण दलित आदिवासी मतदाताओं का झुकाव कांग्रेस की तरफ हुआ तो 15 वर्ष बाद कमल नाथ के नेतृत्व में कांग्रेस ने ने सत्ता में वापसी की। वर्ष 2023 के चुनाव में बाजी पलटी। अगले चुनाव वर्ष 2028 में होने हैं लेकिन प्रदेश में दलित-आदिवासी राजनीति तेज हो गई है। ग्वालियर चंबल में एससी वर्ग कई सीटों पर निर्णायक भूमिका में है। इसे देखते हुए इस वर्ग के मुद्दों पर नेता मुखर हैं।



यही स्थिति आदिवासियों को लेकर भी है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का पूरा फोकस आंदिवासी क्षेत्रों पर है तो तो संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण बेटियों को लेकर दिए असभ्य बयान का विरोध करने के स्थान पर पार्टी ने चुप्पी साध ली। दरअसल, वर्मा आदिवासी समाज से आते हैं और उस अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ (अजाक्स) के अध्यक्ष हैं, जिसे कांग्रेस का हमेशा समर्थन मिला है। संतोष वर्मा को शासन द्वारा दिए गए नोटिस, के विरोध में जयस के साथ अन्य आदिवासी संगठन एकजुट हैं।

### 2027 में घोषित होगा दलित पूजेंडा

*दिग्विजय सिंह की अगुआई में दलित एजेंडा बनाया जा रहा है। वर्षभर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में इसको लेकर गतिविधियां चलेंगी और 13 जनवरी, 2027 को इसे घोषित किया जाएगा। इसके पहले वर्ष 2002 में जब दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री थे, तब दलित एजेंडा लागू हुआ था। यह अलग बात है। कि अगले वर्ष हुए हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिली थीं।*

### एजेंडा की राजनीति करती है कांग्रेस- रजनीश अग्रवाल

*प्रदेश भाजपा के मंत्री रजनीश अग्रवाल का कहना है कि कांग्रेस का अतीत एससी-एसटी वर्ग के विकास के लिए काम करने का नहीं रहा है। जाति को जाति से लड़ाने का काम कांग्रेस ने किया है। वह एजेंडा की राजनीति करते हैं. और भाजपा सामाजिक समरसता की बात करती है। इन वर्गों के कल्याण, और सशक्तीकरण के लिए हमारी सरकारे काम कर रही हैं।*

---

## प्रशासन और कांग्रेस संगठन के बीच दौरे को लेकर रसाकसी

# राहुल गांधी की मीटिंग को नहीं मिली मंजूरी, मृतकों के घर जाने पर अड़े

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के कारण अब तक 24 लोगों की मौत के बाद हालात का जायजा लेने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार 17 जनवरी को इंदौर आ रहे हैं। हालांकि, इस दौरान इंदौर में कांग्रेस नेताओं और नगरीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित बैठक को प्रशासन से अनुमति नहीं मिल पाई है।

कांग्रेस ने प्रदेशभर के पार्षदों, महापौरों, नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों व उपाध्यक्षों के साथ राहुल गांधी की बैठक के लिए अभय प्रशाल और आनंद मोहन माथुर सभागार में कार्यक्रम प्रस्तावित किया था। इसके लिए करीब एक हजार लोगों की मौजूदगी की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन जिला प्रशासन ने बैठक को मंजूरी नहीं दी। कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले ने बताया कि प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण बैठक को रद्द करना पड़ा है। अब राहुल गांधी का इंदौर दौरा सीमित कार्यक्रम तक ही रहेगा। आंदोलन का पहला चरण कल होगा। इस दिन शहरी जिला कांग्रेस कमेटियां भागीरथपुरा की घटना और जल गुणवत्ता के मुद्दे पर जिला स्तर पर एक दिवसीय उपवास रखेंगी। यह उपवास सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। ग्रामीण जिलों में भी मनरेगा और जल गुणवत्ता को लेकर उपवास आयोजित किए जाएंगे। दूसरा चरण 18 से 31 जनवरी तक चलेगा, जिसमें जनजागरूकता अभियान, जल गुणवत्ता से जुड़े तथ्य और साक्ष्य जुटाने, दूषित जल स्रोतों, सीवेज लाइनों और औद्योगिक अपशिष्ट क्षेत्रों के आसपास पानी की जांच जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे।



### अब सिर्फ पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे राहुल गांधी

राहुल गांधी इंदौर पहुंचने के बाद पहले बॉम्बे हॉस्पिटल जाएंगे, जहां वे दूषित पानी से बीमार हुए मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे भागीरथपुरा पहुंचकर उन परिवारों से मिलेंगे, जिनके परिजनों की दूषित जल के कारण मौत हुई है। राहुल गांधी के दौरे को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है।

### राहुल गांधी का शेड्यूल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 17 से 31 जनवरी 2026 तक चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। यह आंदोलन मनरेगा में बदलाव कर कानूनी अधिकारों की बहाली, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों और प्रदेश में बिगड़ती जल गुणवत्ता के विरोध में किया जाएगा।

---

# प्रदेश में नशे की फैक्ट्री, 10 किलो एमडी ड्रग्स बरामद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**रतलाम** • रतलाम जिले के चिकलाना गांव में पुलिस ने एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गुरुवार देर रात करीब ढाई बजे कालूखेड़ा थाना क्षेत्र में चल रही इस अवैध फैक्ट्री पर छापेमारी की। इस दौरान मौके से 10 किलो से ज्यादा एमडी ड्रग, रॉ मटेरियल और बंदूक समेत हथियार जब्त किए गए हैं। पुलिस ने 16 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारी अभी मौके पर ही मौजूद हैं। जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक घरेलू बाजार में 10 किलो एमडी ड्रग की कीमत 20 से 50 करोड़ और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 100 से 200 करोड़ हो सकती है।

नशे की फैक्ट्री की सूचना मिलने पर एसपी अमित कुमार ने टीम गठित की। रतलाम से एएसपी राकेश खाखा, ग्रामीण एएसपी विवेक कुमार लाल और जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय पुलिस बल के साथ ग्राम चिकलाना पहुंचे और एक मकान पर दबिश दी, जहां ड्रग्स बनाई जा रही थी। कार्रवाई इतनी गोपनीय थी कि टीम में शामिल अधिकारियों के अलावा किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी।

जिस जगह पुलिस ने दबिश दी है वह दिलावर खान पठान का मकान है। दिलावर चिकलाना रहने वाला है। इसका पूरा परिवार इसी परिसर में रहता है। कार्रवाई के दौरान घर के एक भी सदस्य को बाहर नहीं आने दिया गया है। मीडिया को भी अंदर जाने की परमिशन नहीं है। बताया जा रहा है कि यह मध्य प्रदेश का पहला ऐसा मामला है, जहां राज्य पुलिस ने एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है।

### 12 बोर की बंदूकें और जिंदा कारतूस भी मिले

पुलिस को मौके से 10 किलो तैयार एमडी ड्रग के साथ भारी मात्रा में रॉ मटेरियल भी मिला है, जिससे नशा तैयार किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से हथियार भी बरामद किए हैं, जिनमें 12 बोर की बंदूकें और जिंदा कारतूस शामिल हैं। एसपी अमित कुमार भोपाल में हैं। कार्रवाई का वह भोपाल से अपडेट लेते रहे। एसपी की विशेष टीमें पिछले तीन दिन से फैक्ट्री के आसपास की रेकी कर रही थीं।

---

## न्यूज ब्रीफ

- प्रयागराज : मकर संक्रांति के मौके पर 1.03 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी
- तमिलनाडु : पालमेडु में जल्लीकट्टू खेल शुरू, 1000 बैलों का हुआ रजिस्ट्रेशन, 2500 पुलिसकर्मी तैनात
- पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में 13 आतंकवादियों को मार गिराया
- बम की अफवाह, टर्किश एयरलाइंस को बार्सिलोना में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी
- पोलैंड ग्रीनलैंड में सैनिक नहीं भेजेगा : पोलिश पीएम डोनाल्ड टस्क
- आईएमएफ की टीम 22 जनवरी को श्रीलंका जाएगी, चक्रवात दितवाह से हुए नुकसान का जायजा लेगी
- वेनेजुएला की नेता मचाडो ने कहा कि ट्रंप के साथ मीटिंग बहुत अच्छी रही
- ईरान में 800 फांसियों को रोका गया : व्हाइट हाउस
- पश्चिम बंगाल, गोवा, लक्षद्वीप, राजस्थान, पुडुचेरी में एसआईआर की तारीख 19 जनवरी तक बढ़ी
- संजय कपूर संपत्ति विवाद : प्रिया की सुप्रीम कोर्ट में अर्जी, करिश्मा कपूर के तलाक के कागजात मांगे

---

# मायावती ने कांग्रेस के लिए खोला बसपा का गेट, कहा- गठबंधन ना यूपी में करेंगे, ना कहीं और, लेकिन...

**लखनऊ (एजेंसी)** • बसपा प्रमुख मायावती ने अपने उत्तर प्रदेश समेत देश की राजनीति में एक बड़ा 'सस्पेंस' पैदा कर दिया है। बहनजी नाम से प्रसिद्ध बीएसपी सुप्रीमो ने 70वें जन्मदिन पर एक तरफ तो यूपी ही नहीं, देश में कहीं भी अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस या दूसरे विपक्षी दलों से गठबंधन के लिए एक खास 'खिड़की' खुली छोड़ दी है। मायावती ने साफ-साफ कह दिया है कि भविष्य में अलायंस तभी होगा, जब उन्हें दूसरी पार्टी के 'अपर कास्ट' वोट ट्रांसफर होने की गारंटी मिलेगी। गठबंधन से फायदा केवल दूसरों का होता है- मायावती ने गठबंधन न करने के अपने फैसले के पीछे का कारण भी बताया।



उन्होंने कहा कि बसपा जब किसी से हाथ मिलाती है तो हमारा 'बेस वोट' (दलित) पूरी ईमानदारी से साथी दल को ट्रांसफर हो जाता है। लेकिन दूसरी पार्टियों का अपर कास्ट वोट हमें नहीं मिलता। यही वजह है कि गठबंधन में केवल दूसरी पार्टियों का फायदा होता है और बसपा को नुकसान। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मायावती की बातों से यह संकेत मिला कि उनके दरवाजे गठबंधन के लिए हमेशा के लिए बंद नहीं हैं।

---

# एशिया की सबसे धनी बीएमसी में बीजेपी गठबंधन आगे, पिछड़े ठाकरे बंधु

## शिवसेना+ को 19 सीटों पर बढ़त, कांग्रेस तीसरे नंबर पर

**मुंबई (एजेंसी)** • महाराष्ट्र की 29 नगर निगम में हुए चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह 10 बजे से काउंटिंग शुरू हो चुकी है। 893 वार्डों में कुल 15,931 उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी निगमों में सबसे अहम बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) है। शुरुआती रुझानों में मुंबई के 25 वार्डों में बीजेपी+, 19 वार्डों में ठाकरे-एनसीपी-एससीपी आगे नजर आ रही है। कांग्रेस भी 2 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। मुंबई को 227 वार्डों में बांटा गया है। बहुमत के लिए 114 की जरूरत है। एक दिन पहले आए 3 एग्जिट पोल में यहां भाजपा गठबंधन को बहुमत मिलता दिखा। यहां पर 23 सेंटर्स पर काउंटिंग चल रही है।

भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 130 से 150 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस गठबंधन को 60 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 5 से 7 सीटें आ सकती हैं। अधिकारियों ने बताया कि बीएमसी चुनाव में कुल 52.94% वोटिंग हुई है। 2017 में हुए चुनावों में यह 55.53% थी। नगर निगम चुनाव हर पांच साल में होते हैं। बीएमसी का पिछला चुनाव 2017 में हुआ था। ऐसे में अगला चुनाव 2022 में होना था। उस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया और वार्ड सीमाओं में बदलाव चल रहे थे। नए वार्ड नक्शे और सीटों का पुनर्विन्यास किया जा रहा था। बीएमसी में वार्डों की संख्या बढ़ाकर 227 से 236 करने का प्रस्ताव था। इस बदलाव के चलते पुरानी सीटों पर चुनाव करना संभव नहीं था, इसलिए चुनाव टाल दिए गए। हालांकि ये प्रस्ताव पास नहीं हुआ। बीएमसी चुनाव में कुल 227 सीटों पर चुनाव हुए। भाजपा- शिवसेना (शिंदे गुट) में गठबंधन हैं। बीजेपी 137 सीटों पर लड़ रही है वहीं शिंदे की शिवसेना ने 90 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। उधर शिवसेना यूबीटी ने मनसे के साथ अलांयस किया है। यूबीटी जहां 163 सीटों पर लड़ी वहीं एमएनएस को 52 सीट मिली। कांग्रेस ने वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) से गठबंधन किया है। कांग्रेस 143 सीटों पर लड़ रही है वहीं वीबीए को 46 सीट दी गई हैं। एनसीपी ने किसी के साथ हाथ नहीं मिलाया। अजित गुट वाली ये पार्टी 94 सीटों पर लड़ रही है। चुनाव सिर्फ नगर निगम का नहीं, बल्कि मुंबई की सत्ता हासिल करने की लड़ाई है। इसलिए यह महायुति और महाविकास अघाड़ी के लिए साख का सवाल है। 74,000 करोड़ रुपए के बजट वाली एशिया की सबसे बड़ी सिविक बॉडी बीएमसीपर बिना बंटे शिवसेना ने (1997-2017) तक राज किया था। तब बीजेपी उसकी सहयोगी थी। मुंबई नगर निगम का बजट गोवा, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के बजट से भी बड़ा है। यही कारण है कि भाजपा, उद्धव ठाकरे की शिवसेना, एकनाथ शिंदे की शिवसेना, कांग्रेस, शरद पवार और अजीत पवार अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं।



---

## सोने-चांदी के कारण शक्तिवर्धक दवा 7 हजार रुपए महंगी

# डायबिटीज की दवा के 1100 रुपए बढ़े, सर्दियों की संजीवनी च्यवनप्राश भी महंगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • कमजोरी दूर करने वाली शक्तिवर्धक आयुर्वेदिक दवा स्वर्ण भस्म की कीमत एक साल में 19 से बढ़कर 26 हजार पहुंच गई है। डायबिटीज की दवा वसंत कुसमाकर 1100 रुपए महंगी हुई है। महंगाई की मार से डायबिटीज की दवा और सर्दियों की संजीवनी च्यवनप्राश भी अछूते नहीं हैं।

इसकी वजह है- आयुर्वेदिक दवाओं में सोने और चांदी का उपयोग। ज्यादातर लोग सोने-चांदी को सिर्फ गहने बनवाने और इन्वेस्टमेंट का जरिया मानते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। सोने-चांदी का मेडिकल साइंस में भी महत्वपूर्ण रोल है। कई दवाओं में गोल्ड-सिल्वर के नैनोपार्टिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है।



**40% तक महंगी हुई आयुर्वेदिक दवाएं :** चांदी में बैक्टीरिया से लड़ने की क्षमता होती है। ऐसे में इसका उपयोग गंभीर इंफेक्शन, जलने के घाव वाली क्रीम में किया जाता है। इसके अलावा कुछ मेडिकल उपकरणों में भी यूज होता है। सोने और चांदी का आयुर्वेदिक और भस्म आधारित दवाओं में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। यही कारण है कि सोने-चांदी के दामों में बेतहाशा वृद्धि के कारण आयुर्वेदिक दवाओं की कीमतों में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। पिछले एक साल में 10 से लेकर 40 फीसदी तक आयुर्वेदिक दवाओं के दाम बढ़े हैं।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि 50 से अधिक आयुर्वेदिक दवाइयों में सोने-चांदी का इस्तेमाल होता है। इसमें सर्दी-जुकाम, डायबिटीज, कमजोरी दूर करने, सांस रोग, यूरीनरी इंफेक्शन आदि की दवाइयां शामिल हैं। इसके अलावा च्यवनप्राश में भी इसका उपयोग होता है। राजस्थान में आयुर्वेदिक दवाओं का सालाना 100 से 150 करोड़ का बिजनेस है।

---

### इनकम टैक्स का बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पर छापा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में इनकम टैक्स विभाग ने सड़क निर्माण करने वाली कंपनी बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के ठिकानों पर छापा मारा है। कंपनी के सपना-संगीता रोड स्थित कार्यालय और कंपनी के डायरेक्टर के घर पर सर्वे चल रहा है। शुक्रवार अलसुबह इनकम टैक्स की टीमें इन ठिकानों पर पहुंचीं और कार्रवाई शुरू की। इस दौरान दस्तावेजों और डिजिटल डेटा की विशेष रूप से जांच की जा रही है। बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड इंदौर की एक प्रमुख निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है। कंपनी की स्थापना 1986 में हुई थी। 2005 में यह प्राइवेट लिमिटेड बनी और बाद में पब्लिक लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित हुई।

# भागीरथपुरा कांड पर हाईकोर्ट में सीएस अनुराग जैन, एजी सिंह ने वीसी से रखी बात, 15 मौत मानी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा कांड को लेकर हाईकोर्ट इंदौर में लगी कई जनहित याचिकाओं को लेकर एक बार फिर 15 जनवरी गुरुवार को सुनवाई हुई। इसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन और एजी प्रशांत सिंह दोनों ही वीसी के जरिए अपनी बात रखी। इसमें मौतों का आंकड़ा 15 माना गया। अगली सुनवाई 19 जनवरी को फिर ढाई बजे होगी।

इंदौर के भागीरथपुरा में गंदे पानी से हुए कांड के चलते 23 की मौत हो चुकी है। हाईकोर्ट जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच में गुरुवार को सुनवाई हुई। इसमें हाईकोर्ट में सीएस अनुराग जैन और एजी प्रशांत सिंह ने वीसी के जरिए बात रखी। लेकिन हाईकोर्ट ने सीधा सवाल पूछा कि आखिर आप कितनी मौत मान रहे हैं।

इस पर सीएस ने कहा कि 15 मौत को माना गया है कि दूषित पानी के कारण हुई है। बाकी जो मौत हुई है वह कोमार्बिलिटी (अन्य बीमारियां) के चलते हुए हुई है। लेकिन शासन ने उस एरिया में सभी प्रभावितों को राहत देने के लिए काम किया। इसलिए राहत राशि सभी मौत पर दी जा रही है और अभी तक 21 को दी जा चुकी है।

वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया, मनीष यादव, विभोर खंडलेवाल और अन्य ने जनहित याचिकाओं पर बहस के दौरान यह मुद्दा उठाया कि रिपोर्ट अब तक नहीं दी गई है। इस पर हाईकोर्ट ने आदेश दिए कि सभी याचिकाकर्ताओं को इस रिपोर्ट की कापी दी जाए। ताकि मौत और मेडिकल स्थिति को लेकर स्पष्टता हो सके। इस पर सोमवार, 19 जनवरी को ढाई बजे फिर से चर्चा होगी।





**सीएस ने बताया कि आईएएस को हटाया**–सीएस जैन ने कहा कि इस केस में हाईकोर्ट द्वारा जो भी आदेश दिए गए, उन पर काम किया गया है। सुरक्षित पेयजल के लिए सबसे पहले काम हुआ और साथ ही इलाज के लिए व्यवस्था की गई। दूषित पानी के सप्लाय, उपयोग को रोका गया और टैंकर से पानी दे रहे हैं। टेंडर हो चुके हैं और लाइन बदली जा रही है। इसमें आईएएस अपर आयुक्त, कार्यपालन इंजीनियर, जोन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया। साथ ही निगमायुक्त को भी हटाया गया है। उनकी जगह सीनियर एफिसिएंट आईएएस अधिकारी को निगमायुक्त बनाया गया है। आगे भी जो आदेश होंगे उसका पालन किया जाएगा।

### अरविंदों में नहीं हो रहा ढंग का इलाज

वहीं एक अधिवक्ता ने कहा कि अभी भी प्रभावितों को अच्छा इलाज नहीं मिल रहा है। इन्हें निजी बड़े अस्पतालों में किया जाए। अरविंदो अस्पताल में हालत खराब है। इलाज नहीं मिल रहा है। हाईकोर्ट ने कहा कि अस्पताल का चयन नहीं किया जा सकता। हालांकि, इलाज सही और अच्छा होना चाहिए।

### सीएस ने यह भी कहा अमृत 2 पर काम हो रहा

सीएस ने कहा कि अभी सीएम ने इंदौर में 800 करोड़ से अमृत योजना का शुभारंभ किया है। यह काम भी शुरू हो गया है। मुख्य बात सीवेरज व पेयजल लाइन का है कि यह साथ में नहीं हो। इस पर हम गंभीर है और काम किया जा रहा है। रोबोटिक्स मैकेनिज्म से भी काम किया जा रहा है। जिससे लीकेज आदि की जानकारी लग सके।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री 1008 भगवान आदिनाथ का मोक्षकल्याणक महामहोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** ● संत शिरोमणि आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर जी महाराज,नवाचार्य 108 श्री समयसागर जी महाराज चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के पावन पुनित आशीर्वाद से तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में 48 दिवसीय भक्तांबर महामंडल विधान अती भव्यता से चल रहा है । धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि विधान के साथ ही हम 17 जनवरी शनिवार को श्री 1008 आदिनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक महामहोत्सव मूलनायक श्री 1008 आदिनाथ भगवान बड़े बाबा के महामस्तकाभिषेक के साथ बा.ब्र. श्री धीरज भैयाजी (राहतगढ़) के कुशल निर्देशन में अतिभव्यता के साथ मानयँगे।

### तसनीम मालू गुरु कृतज्ञा पुरस्कार से सम्मानित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गुरु कृतज्ञा पुरस्कार की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से की गई है। सुश्री तसनीम मालू को एक समर्पित मार्गदर्शक एवं युवा पीढ़ी की प्रेरणास्त्रोत शिक्षिका के रूप में उनके सतत प्रयासों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और उज्ज्वल भविष्य गढ़ने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस सम्मान की सच्ची भावना को प्रतिबिंबित करती है। इस सम्मान समारोह में शिक्षण उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया।

### दक्षिण भारत की यात्रा से लौटे अग्रवाल बंधु फिर नई यात्रा पर चलने के लिए उत्साहित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दक्षिण भारत की तीर्थ यात्रा के समापन पर इंदौर से चार्टेड ट्रेन से वापस लौटे 1100 अग्रवाल बंधुओं का आत्मीय स्वागत किया गया। इस यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने श्रीशैलम में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग को 511 फीट की ध्वजा समर्पित की, वहीं रामेश्वरम में भी भगवान शिव की पालकी यात्रा निकालकर शहर, समाज एवं राष्ट्र में सुख, शांति एवं सद्भाव के लिए प्रार्थना की। तिरुपति नगरी में यात्रा के अंतिम पढाव पर यात्रा आयोजक अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन के संजय बांकडा और किशोर गोयल ने सभी बंधुओं को बधाई देते हुए बताया कि पांच प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा चार्टेड ट्रेन से सफलता पूर्वक संपन्न हो चुकी है और इनमें 6 हजार से अधिक समाज बंधुओं ने पुण्य लाभ उठाया है। समाज बंधुओं ने इस मौके पर एक स्वर से फाउंडेशन के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे अगली यात्रा के गन्तव्य और तिथि आदि की भी घोषणा हाथोंहाथ करें ताकि वे फिर से आपके साथ चलने के लिए अभी से तैयारी कर सकें।

## चाइनीज मांझे पर पुलिस का सख्त प्रहार, 16 केस दर्ज, 25 आरोपी अरेस्ट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● लगातार हादसों का कारण सिद्ध हो रहे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ी और सख्त कार्रवाई की है। शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 16 प्रकरण दर्ज कर कुल 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से कई नाबालिग हैं। आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा और पतंगें जब्त की गई हैं।

पुलिस अफसरों के अनुसार... यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिह के निर्देश पर की गई। बुधवार को शहरभर में चाइनीज मांझे के क्रय विक्रय और उपयोग पर कड़ी निगरानी रखी गई। खास बात यह रही कि पुलिस ने मांझा बेचने वालों के साथ-साथ चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाने वालों पर भी वैधानिक कार्रवाई की। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 223(ए), 125 बीएनएस एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों से चाइनीज मांझे की खरीद-फरोख्त के स्त्रोतों को लेकर पूछताछ की जा रही है।



अवैध भंडारण करने वालों के गोदाम और दुकानों को सील करने की कार्रवाई भी जारी है।

गंभीर मामलों में आरोपियों के विरुद्ध जिलाबदर की कार्रवाई भी प्रस्तावित है। इंदौर पुलिस ने जनहित में अपील जारी की है... चाइनीज मांझे का उपयोग न करें, पतंगबाजी के लिए केवल पारंपरिक सूती धागे का प्रयोग करें, अवैध बिक्री की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## मना करने के बाद भी भागीरथपुरा के रहवासी पी रहे थे बोरिंग का पानी

### गलियों में नहीं पहुंचे टैंकर तो 400 फीट लाइन बिछाकर पहुंचाया पानी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नगर निगम ने भागीरथपुरा क्षेत्र के उन रहवासियों की परेशानी को दूर करने का प्रयास किया है, जो संकरी गलियों में रह रहे हैं। इन गलियों में नर्मदा पानी के टैंकर नहीं पहुंच पा रहे थे, जिसके कारण लोग अपने निजी बोरिंग का पानी पीने लगे थे। लोगों का कहना था कि संकरी गलियों में टैंकर नहीं पहुंचता था। गली के बाहर से पानी भरना पड़ता था। इन गलियों में अधिकांश लोग मजदूरी करने वाले रहते हैं जो पानी उठकर लाने में असमर्थ हैं। ऐसी स्थिति में बोरिंग का पानी सेवन करना पड़ था।

**संकरी गलियों में पाइप से पानी सप्लाई** – वहीं प्रशासन ने भागीरथपुरा में 58 बोरिंग सील करने के साथ ही सभी बोरिंग के पानी को पीने के लिए उपयोग नहीं करने की अपील रहवासियों से की है। प्रशासन का कहना है कि बोरिंग का पानी रहवासी उपयोग नहीं करें, इसलिए ऐसी गलियां जिसमें टैंकर नहीं पहुंच रहा है, वहां 300 से 400 फीट तक प्लास्टिक का पाइप लगाकर पानी पहुंचाया जा रहा है। टैंकर गली के एक छोर पर खड़ा रहता है। भागीरथपुरा क्षेत्र में जल वितरण की जिम्मेदारी नगर निगम ने एजीओ को दी है। बगैर जांच करवाए पानी नहीं पीएं- नगर निगम आयुक्त ने बताया कि यह बात भी सामने आ रही थी कि लोग निजी बोरिंग के पानी को साफ समझकर पी रहे थे, जिसकी जांच नहीं करवाई गई थी। नगर निगम और प्रशासन ने रहवासियों को स्पष्ट तौर पर कहा है कि फिलहाल बोरिंग का पानी किसी भी स्थिति में पीने के उपयोग में नहीं ले। इसके साथ ही पानी उबालकर उपयोग में लें।

### रहवासी बोले - नर्मदा पानी की सप्लाई शुरू करें

भागीरथपुरा के निवासी राजाराम बोरासी ने बताया कि नगर निगम द्वारा सकरी गलियों में अस्थायी तौर पर 300-400 फीट तक पाइप लगाकर सप्लाई की जा रही है, ताकि रहवासियों कोपानी उठाकर नहीं लाना पडे। नई पाइप डालने के लिए सड़कें खोदी जा रही हैं, जिसके कारण टैंकरों के आने-जाने में भी दिक्कत हो गई है। नगर निगम को क्षेत्र में जल्द ही नर्मदा के पानी की सप्लाई शुरू करनी चाहिए, क्योंकि निगम प्रशासन द्वारा बार-बार बोरिंग का पानी नहीं पीने की अपील करने के बावजूद भी बोरिंग का पानी पी रहे हैं।

## परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके नवीन शिक्षकों को सालभर बाद भी नहीं मिले नियमितीकरण आदेश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● स्कूल शिक्षा विभाग लोक शिक्षण भोपाल एवं संयुक्त संचालक शिक्षा इंदौर के उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूर्ण हुए लगभग डेढ़ से दो वर्ष होने के बाद भी उनके नियमितीकरण आदेश प्राप्त नहीं हुए है।

> **उच्च माध्यमिक शिक्षकों के लोक शिक्षण भोपाल एवं माध्यमिक शिक्षकों के संयुक्त संचालक इंदौर से होना है आदेश**

पुरानी पेंशन बहाली संघ इंदौर के जिलाध्यक्ष एवं शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश परमार ने बताया कि वर्ष 2021 में नियुक्त माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि वर्ष 2024 में पूर्ण हो गई थी, लेकिन उन्हें अभी तक नियमितीकरण के आदेश नहीं मिले है जिससे शिक्षक संगठनों ने नाराजगी व्यक्त की है। श्री परमार ने बताया कि सम्बंधित शिक्षकों ने इस हेतु सम्बंधित दस्तावेज भी 2024 एवं 2025 में ही जमा कर दिए थे। आदेश के अभाव में संबधितों को वार्षिक वेतन वृद्धि भी नहीं लगने से हजारों रुपयों का नुकसान हो रहा है। श्री परमार ने बताया कि इंदौर जिलें से ही सैकड़ों माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक नियमितीकरण की बाट जोह रहें है। शिक्षक संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश परमार ने लोक शिक्षण आयुक्त श्रीमती शिल्पा गुप्ता एवं संयुक्त संचालक शिक्षा श्रीमती अनीता चौहान का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए पेंडिंग नियमितीकरण आदेश शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया है।

## महापौर द्वारा बहुमंजिला भवन के बेसमेंट खुदाई कार्य का निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● महालक्ष्मी नगर एमआर-5 क्षेत्र में निर्माणाधीन बहुमंजिला भवन के बेसमेंट की खुदाई के दौरान मिट्टी खिसकने से समीप स्थित भवन की बाउंड्रीवॉल गिर गई। सूचना मिलते ही महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा स्थल निरीक्षण कर एहतियातन निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए गए। गिरी हुई बाउंड्रीवॉल के पुनर्निर्माण एवं आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के बाद ही नगर निगम की अनुमति से कार्य पुन: प्रारंभ किया जाएगा। संबंधित भवन निर्माता को नोटिस जारी किया गया है तथा एसजीएसआईटीएस के विशेषज्ञों द्वारा संरचनात्मक जाँच कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ क्षेत्रीय पार्षद, नगर निगम इंदौर के अपर आयुक्त (भवन अनुज्ञा शाखा), भवन अधिकारी (जोन क्रमांक 22), भवन अधिकारी (जोन क्रमांक 08), भवन अधिकारी (मुख्यालय) तथा संबंधित जोनल अधिकारी उपस्थित रहे।



## इंदौर-दाहोद रेल लाइन प्रोजेक्ट में तेजी, टीही सुरंग में फिनिशिंग का काम जारी; मार्च अंत तक ट्रायल रन का लक्ष्य

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर-दाहोद रेल लाइन परियोजना का काम निर्णायक चरण में पहुंच गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) विनीत गुप्ता और मुख्य इंजीनियर धीरज कुमार ने बुधवार को पीथमपुर होकर गुजर रहे रेल सेक्शन और टीही से धार के बीच निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टनल (सुरंग), रेलवे स्टेशन निर्माण, ट्रैक बिछाने, आरओबी एवं तकनीकी कार्यों की प्रगति का जमीनी स्तर पर आकलन किया। अधिकारियों ने बताया कि प्रोजेक्ट में अब फिनिशिंग एवं तकनीकी कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इस दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी विनीत गुप्ता ने टीम को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शेष निर्माण व तकनीकी कार्य मार्च 2026 के अंत तक पूरे कर लिए जाएं, ताकि समय पर ट्रायल रन कराया जा सके। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट औद्योगिक और माल परिवहन के नजरिए से अत्यंत महत्वपूर्ण है।



## नई राइड, नया अंदाज़. पेश है बिल्कुल नया चेतक सी25

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● दुनिया की सबसे वैल्यूएबल टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने आज बिल्कुल नए चेतक सी25 के लॉन्च की घोषणा की। चेतक पोर्टफोलियो में शामिल यह स्टाइलिश, स्लीक और यंग एडिशन रोज़मर्रा की आसान आवाजाही के लिए डिजाइन किया गया है। सी25 ब्रांड को एक यंग और कूल पहचान देता है, जबकि इसकी बुनियाद चेतक के उसी डीएनए पर टिकी है जो मजबूती, टिकाऊपन और भरोसेमंद परफॉर्मेंस का प्रतीक रहा है।

## 29 मार्च को आयोजित होंगे परिचय सम्मेलन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● समाज बंधुओ एवं विवाह योग्य युवक- युवतियों के पालकों के समय एवं धन की बचत के उद्देश्य से श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा ने इस वर्ष भी विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन राज्य के सभी प्रमुख समाज बाहुल्य जिलों में एक ही दिन, एक ही समय एवं एक ही परिचय पुस्तिका के आधार पर कराने का निर्णय लिया है। इंदौर में यह परिचय सम्मेलन रविवार 29 मार्च को सुबह 10 बजे से राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर होगा। करीब 2 हजार प्रत्याशी शामिल होंगे।

# प्रदेश में गेंद बन गया पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट, नल-जल योजना पर तीन आईएएस आमने-सामने

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों में शामिल, नल-जल योजना मध्य प्रदेश में अफसरशाही की खींचतान की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। गांव-गांव, घर-घर पानी पहुंचाने के लिए अरबों रुपए खर्च कर पाइपलाइन तो बिछा दी गई, पर अब सवाल यह है कि इस पूरी व्यवस्था को चलाएगा कौन संभालेगा कौन और पैसा देगा कौन यही सवाल आज तीन सीनियर ब्रुस अफसरों को आमने-सामने ले आया है। अब नतीजा यह है कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में लिया गया फैसला भी छह महीने से ठंडे बस्ते में पड़ा है।

प्रदेश में एकल ग्राम (सिंगल विलेज) नल-जल योजनाओं के तहत करीब 28 हजार गांवों में घर-घर नल तो लग गए, लेकिन इनका संचालन और रखरखाव कैसे होगा। इसकी ठोस नीति सरकार आज तक लागू नहीं कर पाई है। हैरानी की बात यह है कि नीति का प्रारूप तैयार हो चुका है। मुख्यमंत्री की बैठक में मंजूरी भी मिल चुकी है। फिर भी मामला कैबिनेट तक नहीं पहुंच पाया है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह अफसरों की आपसी खींचतान है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव आईएएस दीपाली रस्तोगी चाहती हैं कि योजना का संचालन और रखरखाव उनके विभाग के पास रहे। क्क॥श्व के प्रमुख सचिव आईएएस पी नरहरि ने मुख्य सचिव को कहा कि पिछले अनुभव बताते हैं, पंचायत विभाग यह जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा पाया। उन्होंने उदाहरण के तौर पर बुंदेलखंड पैकेज में हुई गड़बड़ियों का हवाला भी दिया है। इसके इतर वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव मनीष रस्तोगी हैं, जो पूरे प्रस्ताव की सबसे बड़ी दीवार बनकर खड़े हैं।



### तीन विभाग, तीन अफसर, तीन राय

विभाग 1 : पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
विभाग 2 : लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व)
विभाग 3 : वित्त विभाग

**सीएम ने यह दिए थे निर्देश** : विवाद बढ़ने पर 21 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई थी। बैठक में दोनों विभागों के तर्क सुने गए और इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा ?था कि वर्ष 2028 तक यानी तीन साल नल-जल योजना का संचालन और रखरखाव क्क॥श्व विभाग ही करेगा। इसके तहत हर साल 800 करोड़ रुपए, यानी तीन साल में कुल 2400 करोड़ रुपए क्क॥श्व को दिए जाएंगे। इस फैसले के मिनट्स तैयार हुए। फाइल पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव के साइन भी हो गए और तय हुआ कि ड्राफ्ट को कैबिनेट में लाया जाएगा।

**कैबिनेट से पहले ही फाइल पर ब्रेक**-अब यहीं पेंच फंस गया। तय कार्यक्रम के अनुसार यह नीति 9 दिसंबर 2025 को खजुराहो में हुई कैबिनेट बैठक में आनी थी। क्क॥श्व ने नीति का पूरा मसौदा तैयार कर वित्त विभाग की मंजूरी के लिए भेजा, लेकिन मामला यहीं अटक गया। वित्त विभाग ने न सिर्फ प्रस्ताव मानने से इनकार कर दिया, बल्कि पंचायत विभाग की अपर मुख्य सचिव ने भी इस पर खुलकर असहमति दर्ज करा दी।

**विवाद की असली जड़ 2400 करोड़**-वित्त विभाग के अपर प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी ने द सूत्र से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री की बैठक में यह तय नहीं हुआ था कि क्क॥श्व को तीन साल के लिए 2400 करोड़ रुपए अलग से दिए जाएंगे। उनका तर्क है कि 'वीबी-जी राम जी' (मनरेगा के स्थान पर नई योजना) के नए एक्ट के तहत पंचायतों को पहले से ही नल-जल योजना के संचालन और रखरखाव के लिए पैसा मिलता है। यदि क्क॥श्व यह काम करना चाहता है तो पंचायत से पैसा ले, लेकिन अलग से बजट नहीं दिया जाएगा। यहीं से विवाद गहरा गया है।

**मंत्री ने कहा- फैसला मुख्यमंत्री ही करेंगे**-इस मामले में पीएचई मंत्री संपतिया उइके का कहना है कि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग इस योजना को ठीक से नहीं चला पा रहा था। लगातार शिकायतें आ रही थीं। इसी वजह से मुख्यमंत्री की बैठक में तय हुआ कि अगले तीन साल तक क्क॥श्व यह जिम्मेदारी संभालेगा। अब अगर वित्त विभाग के अफसर इस फैसले से सहमत नहीं हैं तो आखिरी निर्णय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ही करेंगे।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

न्यूज ब्रीफ

### मालवा रोज सोसाइटी ने किया शहर के 50 कर्मवीर बागवानों का सम्मान

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • मालवा रोज सोसायटी द्वारा बागवानों के लिए आयोजित प्रशिक्षण एवं सम्मान कार्यक्रम में शहर के चुनिन्दा मालियों का सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर सोसाइटी की मेजबानी में 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को गाँधी हॉल में आयोजित होने वाले गुलाब मेले एवं मौसमी पुष्प प्रदर्शनी की तैयारियों का विवरण भी दिया गया। डॉ. डीके तनेजा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. डीके मिश्रा एवं सोसाइटी के सचिव डॉ. अरुण सराफ ने इस अवसर पर तकनीकी सत्र में पौधों की देखभाल, सिंचाई, मिट्टी और गमलों से लेकर कीट प्रबन्धन जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। नेहरु प्रतिमा के सामने स्थित एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टिट्यूट पर आयोजित इस कार्यशाला में शहर के उद्यानों में कार्यरत 50 बागवानों को कर्मवीर सम्मान एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# एआई कॉन्फ्रेंस में सीएम ने बताए बुद्धि के तीन प्रकार.., कहा- यंत्र, मंत्र, तंत्र में दुनिया उलझी

**भोपाल (एजेंसी)** • होटल ताज में आयोजित रीजनल एआई इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय परंपरा, दर्शन और आधुनिक तकनीक को जोड़ते हुए कहा कि दुनिया आज मंत्र, यंत्र और तंत्र में उलझी है, लेकिन इन सबसे भारी एक और तंत्र है-षड्यंत्र। उन्होंने चेताया कि एआईऔर तकनीकी प्रगति के बीच इतना सूक्ष्म अंतर करना होगा कि विकास की दौड़ में मानव की मूल प्रकृति नष्ट न हो। मुख्यमंत्री ने तिरुपति बालाजी दर्शन की लंबी कतार का किस्सा सुनाते हुए कहा कि एक नवदंपति में पति 'गोविंदा-गोविंदा' बोल रहा था, जबकि पत्नी कह रही थी- 'आगे वाला बोले वही सही है।' कारण बताते हुए सीएम ने मुस्कराकर कहा- 'हमारे यहां पत्नी पति का नाम नहीं लेती, पति का नाम गोविंदा था।' इसी से जोड़ते हुए उन्होंने मंच पर पहले हुए प्रभावी भाषणों का जिक्र किया और कहा- 'मुझे भी लग रहा है कि आगे वाला जो बोले वही सही है।'



### मप्र की ज्ञान-परंपरा का उल्लेख

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश ज्ञान और साधना की भूमि है। भगवान कृष्ण के ज्ञानार्जन का केंद्र सांदीपनि आश्रम यहीं है और शंकराचार्य जी का ध्यान-केंद्र ओंकारेश्वर भी मप्र में स्थित है। उन्होंने कहा, 'अगर हम बुद्धि और विवेक में अंतर करने लगें तो ढ्ढ और ऐप को भी पसीना आ जाएगा।'

सीएम ने बुद्धि के तीन प्रकार गिनाए-मांत्रिक बुद्धि, यांत्रिक बुद्धि और तांत्रिक बुद्धि। उन्होंने कहा कि आज दुनिया मंत्र-यंत्र-तंत्र में उलझी है, लेकिन इन सबसे भारी एक और तंत्र है-षड्यंत्र। मौजूदा दौर में भावनात्मक, रचनात्मक और प्रतिक्रियात्मक हर तरह की व्यवस्थाओं में बारीक अंतर करने की जरूरत है, ताकि प्रगति की दौड़ में हमारी मूल प्रकृति नष्ट न हो।

### एआई का जनकल्याण में उपयोग

डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि संसाधनों के बल पर जो बेहतर हो सकता है, वह जनकल्याण के उदाहरणों से सामने आता है। उन्होंने कहा कि ढ्ढ का उपयोग जनकल्याणकारी योजनाओं और सभी विभागों में किया जाना चाहिए—केंद्र और राज्य, दोनों स्तरों पर ढ्ढ के उदाहरण देते हुए उन्होंने भगवान गणेश की कथा का उल्लेख किया—पृथ्वी की परिक्रमा को माता-पिता की परिक्रमा से जोड़ना, भारतीय बुद्धिमत्ता का प्रतीक है।

### एआई नीति, मिशन और सेक्टरल संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मध्य प्रदेश ढ्ढ नीति लाने जा रहा है और ढ्ढ मिशन पर भी काम करेगा। उन्होंने बताया कि स्पेसटेक पॉलिसी हाल ही में लाई गई है। माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में ढ्ढ की बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, 'नौ करोड़ आबादी वाले राज्य में अपार संभावनाएं हैं। मप्र संभावनाओं से भरा राज्य है और आप सबकी मदद से हम आगे बढ़ रहे हैं।

### श्री सनाढ्य ब्राह्मण समाज एक दिन, एक ही समय और एक ही पुस्तिका से करेगा परिचय सम्मेलन

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • समाज बंधुओ एवं विवाह योग्य युवक- युवतियों के पालकों के समय एवं धन की बचत के उद्देश्य से श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा ने इस वर्ष भी विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन राज्य के सभी प्रमुख समाज बाहुल्य जिलों में एक ही दिन, एक ही समय एवं एक ही परिचय पुस्तिका के आधार पर कराने का निर्णय लिया है। इंदौर में यह परिचय सम्मेलन रविवार 29 मार्च को सुबह 10 बजे से राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर होगा। उम्मीद है कि इसमें करीब 2 हजार प्रत्याशी शामिल होंगे। श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा इंदौर के अध्यक्ष पं. देवेंद्र शर्मा, महासचिव पं. संजय जारोलिया एवं उपाध्यक्ष पं. भगवती शर्मा, पं. अनिल शर्मा एवं पं. पप्पू शर्मा ने बताया कि सनाढ्य ब्राह्मण समाज के इस परिचय सम्मेलन में 2 हजार से अधिक उच्च शिक्षित युवक-युवती प्रत्याशियों के भाग लेने की उम्मीद है। गत वर्ष हुए सम्मेलन में करीब 200 रिश्ते हुए थे। इस बार भी इंदौर के साथ भोपाल, उज्जैन, धार, देवास, रतलाम, खंडवा सहित आठ बड़े शहरों में परिचय सम्मेलन एक ही दिन अर्थात 29 मार्च को एक ही समय और एक ही परिचय पुस्तिका के आधार पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

### श्री इंदौर गंगराड़े (वैश्य) कल्याण समिति द्वारा 49 वाँ वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री इंदौर गंगराड़े (वैश्य) कल्याण समिति द्वारा 49 वाँ वार्षिक स्नेह सम्मेलन 18 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष श्री गंगराड़े पद्मावती पोरवाल फाउंडेशन द्वारा 12500 वर्ग फुट जमीन चोखी ढाणी के पीछे मांगलिक परिसर हेतु क्रय की गई है। अत: अपनी प्रस्तावित मांगलिक भूमि पर उक्त आयोजन आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी कम्पनी डायरेक्टर योगेन्द्र गंगराड़े, जितेन्द्र गंगराड़े, गोविन्द गंगराड़े, डॉ चन्द्रशेखर, चन्द्रपाल मंडलोई द्वारा दी गई।

## पहले अपना ध्यान रखें, फिर परिवार, फिर समाज और फिर राष्ट्र - चेतन भगत

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • देश के प्रख्यात लेखक, चिन्तक और विचारक चेतन भगत ने कहा है कि हमारे बचपन में मोबाइल फ़ोन नाम की बीमारी नहीं थी और शारीरिक गतिविधियाँ बहुत ज्यादा होती थी। अब ये सब मुश्किल है। हम फ़ोन पर घंटों बतिया सकते हैं। सिगरेट के पैकेट पर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने की चेतावनी लिखी होती है लेकिन मोबाइल फ़ोन पर नहीं। यह मोबाइल की बीमारी हमारा बहुत सा समय खराब कर रही है। राष्ट्र निर्माण के लिए सबसे जरुरी काम है शिक्षित होना। जीवन में आगे बढ़ने का एक ही तरीका है - एजुकेशन। राष्ट्र निर्माण से पहले हम अपना निर्माण करें और जीवन में कुछ बनकर दिखाएँ। पहले अपना ध्यान रखें, फिर परिवार, फिर समाज और फिर देश का ध्यान रखें। चेतन भगत गुरुवार दोपहर को संस्था सेवा सुरभि द्वारा जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर पालिक निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण की सहभागिता में



प्रवर्तित 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' अभियान के शुभारंभ प्रसंग पर रेसकोर्स रोड स्थित बास्केटबाल काम्प्लेक्स पर 'जनरेशन भारत-बिल्डिंग न्यू इंडिया' विषय पर 'मैं देश के लिए क्या कर सकता हूँ' जैसे ज्वलंत मुद्दे पर शहर के 20 इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेजों के छात्र-छात्राओं से रू-बरू होते हुए उक्त बातें कही। सांसद शंकर लालवानी, वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, गीता रामेश्वर ट्रस्ट की ओर से पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, समाजसेवी टीकमचंद गर्ग, हितेश बिंदल, पद्मश्री जनक पलटा के साथ चेतन भगत ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम और अभियान का शुभारंभ किया। प्रारंभ में संस्था सेवा सुरभि की ओर से संयोजक ओमप्रकाश नरेडा, वीरेन्द्र गोयल, मोहित शेठ, अरविन्द जायसवाल, निकेतन सेठी, इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से नवीन खंडेलवाल आदि ने मुख्य वक्ता एवं अतिथियों का स्वागत किया। विषय प्रवर्तन और संचालन किया रंगकर्मी संजय पटेल ने। उन्होंने संस्था सेवा सुरभि के बारे में भी पिछले 24 वर्षों से चलाए जा रहे इस अभियान के बारे में भी जानकारियां दी।

### कल्याण संघ ने नई वेतन लिस्ट जारी की

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • मध्य प्रदेश ड्राइवर कल्याण संघ की संरक्षक विशाल हिंदू सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल ठाकुर कल्याण संघ के महासचिव जितेंद्र चौहान ने बताया कि मकर संक्रांति महापर्व पर कल्याण संघ ने नई वेतन लिस्ट जारी करी है। 8 घंटे कार्य के 18000 रुपए 10 घंटे कार्य के 20000 12 घंटे कार्य के 25000 महीना और महीने में चार छुट्टी रहेगी। और टाइम प्रति घंटा 100 रहेगा नई वेतन लिस्ट जारी करने का मकसद ड्राइवर भाइयों का गाड़ी मालिक के मनमानी को रोकना है। गाड़ी मालिक ड्राइवर भाइयों का बहुत शोषण करते हैं और बीच के दलाल लोग कमीशन बाजी के चक्कर में ड्राइवर का हक खा जाते हैं। मुंबई दिल्ली पटना लखनऊ से भगाए हुए ड्राइवर यहां पर बहुत ही कम रेट पर कार्य कर रहे हैं और स्थानीय ड्राइवर भाइयों के पेट पर लात मार रहे हैं। मध्य प्रदेश ड्राइवर कल्याण संघ ने नई वेतन लिस्ट जारी करी है और ड्राइवर भाइयों को भी अपने परिवार के हितों को देखते हुए इस इस महंगाई के समय में नई वेतन नियम का पालन करना चाहिए।

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों की सफलता कलेक्टर्स की निगरानी पर निर्भर - डॉ. खाड़े

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • इंदौर सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने नागरिकों की समस्याओं के निवारण के लिए मप्र शासन द्वारा प्रारम्भ किये संकल्प से समाधान अभियान की आज समीक्षा करते हुए 8 जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में ऐसे वार्डों को शामिल कर क्लस्टर बनाये, जिससे ज्यादा से ज्यादा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कर सकें। यह अभियान अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी कलेक्टर्स यह समझकर निगरानी करें कि इसकी सफलता पूरे प्रशासन की सफलता होगी। शिविरों में समस्याओं के निराकरण होने पर सीएम हेल्पलाइन सहित जनसुनवाई और अन्य समस्या निवारण प्लेटफार्म पर इसका असर होगा। इस अभियान की निगरानी का कार्य संभाग स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी किया जाएगा। साथ ही क्लस्टर लेवल में शिविरों की निगरानी के कार्य के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी भी नियुक्त करें। ऐसी समस्याएं जो जिला स्तर पर निराकृत नहीं हो सकती, उसके लिए राज्य स्तर से आवश्यक सहयोग लिया जाएगा। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि 108 सेवाओं में कई तरह की सेवाओं पर सीधा असर नागरिकों पर पड़ता है, उन सेवाओं पर ज्यादा प्राथमिकता देते हुए सार्थक परिणाम आने चाहिए। उन्होंने पंचायत स्तरीय व वार्ड स्तरीय शिविरों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए है। गूगल मीट के माध्यम से आयोजित बैठक में जिलों के कलेक्टर्स व संभाग से अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी, उपायुक्त विकास पुरुषोत्तम पाटीदार उपस्थित रहें।

**चार चरणों में सम्पन्न होगा अभियान** - नागरिकों को उनकी पात्रता अनुसार शासन की 108 सेवाओं का लाभ दिलाने के लिये प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक 'संकल्प से समाधान' अभियान आयोजित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये यह अभियान 4 चरणों में चलाया जायेगा।

### गंभीर भस्म आरती में शामिल हुए, महाकाल का लिया आशीर्वाद



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले क्रिकेट मैच से पहले शुक्रवार को भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर और बैटिंग कोच शीतांशु कोटक महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे। 18 जनवरी को खेले जाने वाले मैच के लिए टीम इंडिया इंदौर आई हुई है। मैच से पहले कोच गौतम गंभीर और शीतांशु सुबह चार बजे भस्म आरती में शामिल होने के लिए महाकाल मंदिर पहुंचे। यहां दोनों ने नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती में करीब दो घंटे तक भगवान का आशीर्वाद लिया और भगवान महाकाल से टीम इंडिया की जीत के लिए प्रार्थना की। आरती के बाद उन्होंने मंदिर की देहरी से भगवान महाकाल के दर्शन किए और नंदी पर जल अर्पित किया। इसके बाद मंदिर समिति की ओर सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने गंभीर और शीतांशु का सम्मान किया। गौतम गंभीर पांच महीने पहले भी अपने परिवार के साथ दर्शन करने आए थे। गंभीर अब तक चार बार भस्म आरती में शामिल हो चुके है। गौतम गंभीर ने कहा, सौभाग्य मिला मुझे भगवान महाकाल ने आज दर्शन के लिए बुलाया। महाकाल मुझे बुलाएंगे और में फिर से आऊंगा। मंदिर की व्यवस्था हमेशा की तरह बहुत अच्छी रही।

### कॉलेज में छात्रा को बनाए लव जिहाद शिकार

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • इंदौर विहिप के प्रचार प्रसार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि किशनगंज थाना क्षेत्र के मेडिकेप्स कॉलेज की छात्रा द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत ने शहर में एक बार फिर युवतियों की सुरक्षा और सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़िता ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि वह उपरोक्त पते पर निवास करती है और पढ़ाई के दौरान उसकी पहचान अनस शाह नाम के युवक से हुई थी। छात्रा के अनुसार, करीब दो माह पहले कॉलेज के कॉमन फ्रेंड्स के माध्यम से उसकी आरोपी से दोस्ती हुई और मोबाइल पर बातचीत शुरू हुई। जिससे छात्रा को यह लगा कि वह हिंदू है। इसी विश्वास के आधार पर दोनों के बीच बातचीत आगे बढ़ी और साथ में कुछ फोटो भी मोबाइल फोन से खींचे गए। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि बाद में उसे जानकारी मिली कि युवक मुस्लिम समुदाय से है।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य तिलहन मिशन का गठन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य तिलहन मिशन का गठन किया गया है। समिति में कृषि उत्पादन आयुक्त, सहकारिता, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण/फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, इन्दौर म.प्र, प्रभारी अधिकारी नाबार्ड, समन्वयक स्टेट लेवल बैंकर समिति, तिलहन क्षेत्र में कार्यरत एफपीओ/ को-ऑपरेटिक्स के दो प्रतिनिधि (प्रत्येक से एक) , बीज एवं खाद्य तेल उत्पादक उद्योग से संबंधित दो प्रतिनिधि(प्रत्येक से एक-एक) , भारत सरकार, कृषि मंत्रालय द्वारा नामित अधिकारी (संयुक्त सचिव स्तर) सदस्य होंगे।

### शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए विषय पर आज से 13 दिवसीय संकाय संवर्धन कार्यक्रम शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किला भवन इंदौर में प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 27 जनवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों के शैक्षणिक, तकनीकी, शोधात्मक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े कौशलों को सशक्त बनाना है।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### साइबर ठगों का बढ़ता जाल, क्यों भारत में थम नहीं पा रही ऑनलाइन धोखाधड़ी?

देश में इस असुरक्षा के लगातार बढ़ते जाने की एक बड़ी वजह यह है कि ठगों ने देश से लेकर विदेश तक अपना जाल बिछा लिया है। इस लिहाज से यह न सिर्फ तकनीकी समस्या है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मसला भी है। भारत में साइबर धोखाधड़ी नहीं थम पा रही, तो आखिर इसकी वजह क्या है? वर्तमान समय में इस अपराध के इतने स्वरूप हैं कि पीड़ित व्यक्ति ठगों की साजिश को एकबारगी समझ नहीं पाता और वह जीवन भर की कमाई लुटा बैठता है। यही वजह है कि साइबर अपराधी हर वर्ष लोगों को करोड़ों की चपत लगा रहे हैं। विश्व आर्थिक मंच ने दावोस बैठक से पहले अपनी 'वार्षिक जोखिम रपट' में भारत में बढ़ती इसी साइबर असुरक्षा को लेकर आगाह किया है। मंच ने गलत सूचनाओं और भ्रामक जानकारियों के प्रसार पर भी चिंता जताई है। वहीं भारत के मामले में एक अध्ययन ने शीर्ष पांच जोखिमों की पहचान की है, जिनमें साइबर असुरक्षा को विशेष रूप से शामिल किया है। दरअसल, देश में इस असुरक्षा के लगातार बढ़ते जाने की एक बड़ी वजह यह है कि ठगों ने देश से लेकर विदेश तक अपना जाल बिछा लिया है। इस लिहाज से यह न सिर्फ तकनीकी समस्या है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मसला भी है। चिंता की बात यह है कि हम साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए निगरानी तंत्र आज तक मजबूत नहीं कर पाए हैं। नागरिकों में भी डिजिटल साक्षरता का अभाव दिखता है। एक गंभीर समस्या डिजिटल रूप से बदले गए वीडियो और चित्रों की भी है जो आज नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। इसको लेकर भी विश्व आर्थिक मंच ने चिंता जताई है। ऐसे कई विवादित वीडियो सामने आ चुके हैं। अगर साइबर अपराधियों का हौसला बढ़ा है, तो यह व्यवस्था की खामी है। हैरत की बात है कि अपराधियों के संजाल तक पहुंचने की तमाम कोशिशों के बावजूद देश में साइबर असुरक्षा लगातार बढ़ती चली गई है। आखिर क्या कारण है कि हम धोखेबाजों के असल ठिकानों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं? भारत में इस असुरक्षा का जोखिम इसलिए भी गहरा है, क्योंकि लोगों के पास सजगता और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने जैसे सीमित विकल्प ही हैं। दोराय नहीं कि अब सरकार को सख्ती बरतनी होगी। साइबर अपराध के संजाल को तोड़ने का वक्त आ गया है।

# भारतीय रुपए की अंतरराष्ट्रीय स्थिति, वैश्विक मुद्राओं में मूल्यांकन और विज़न 2047 का रोडमैप - एक विस्तृत विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में 195 से अधिक देश हैं, और हर देश अपनी अलग मुद्रा का इस्तेमाल करता है। दुनियाँ में सबसे लोकप्रिय मुद्राएँ डॉलर, यूरो, पाउंड, दीनार रियाल, येन आदि हैं। एक देश से दूसरे देश की यात्रा करते समय, उस देश में लेन-देन करने के लिए मुद्रा विनिमय की आवश्यकता होती है। सरकार मुद्रा जारी करती है; इसे वैध मुद्रा भी कहा जाता है। मुद्रा का मूल्य स्थिर नहीं रहता और हर दिन बदलता रहता है। मुद्रा का मूल्य विभिन्न देशों में अलग- अलग होता है।पिछले सप्ताह के दौरान, अमेरिकी डॉलर और भारतीय रुपये की विनिमय दर 02-12-2025 को 89.755 के उच्चतम स्तर और 25-11- 2025 को 89.0625 के निम्नतम स्तर के बीच उतार- चढ़ाव करती रही। 24 घंटे में सबसे बड़ा मूल्य परिवर्तन 01-12-2025 को हुआ, जिसमें मूल्य में 0.235 प्रतिशत की वृद्धि हुई।भारतीय रुपए (आईएनआऱ) की अंतरराष्ट्रीय स्थिति सदैव भारत की आर्थिक संरचना, विकास दर, निर्यात-आयात संतुलन और वैश्विक आर्थिक घटनाओं से गहराई से प्रभावित होती रही है। वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिवेश, जहाँ अमेरिका और यूरोप जैसी अर्थव्यवस्थाएँ अपनी मौद्रिक नीतियों को लगातार सख्त कर रही हैं, वहीं भारत जैसे उभरते देशों की मुद्राएँ प्रत्यक्ष रूप से डॉलर के उतार-चढ़ाव से प्रभावित हो रही हैं। इस स्थिति में भारतीय रुपया एक संक्रमणकाल में खड़ा है। एक ओर वह विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था की मुद्रा है, वहीं दूसरी ओर उसकी अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता और मूल्यांकन अभी भी सीमित है।डॉलर-निर्भर वैश्विक व्यापार प्रणाली में आईएनआऱ की भूमिका बढ़ रही है लेकिन वह अभी भी उतनी दृढ़ नहीं हो सकी है कि उसे विश्व व्यापार की प्राथमिक मुद्राओं में शामिल किया जा सके। अंतरराष्ट्रीय स्तरपर भारतीय रुपया इस समय एक ऐसी मुद्रा के रूप में देखा जाता है जो स्थिर भी है और चुनौतीपूर्ण भी। स्थिर इसलिए कि भारत का वित्तीय तंत्र मजबूत है, विदेशी मुद्रा भंडार विश्व के शीर्ष देशों में आता है, और आर्थिक विकास दर दुनियाँ में सबसे तेजों में है। लेकिन चुनौती इसलिए कि रुपये की विनिमय दर अभी भी बाहरी कारकों विशेषकर अमेरिकी डॉलर पर अत्यधिक निर्भर है। डॉलर के मजबूत होने से भारत जैसे देशों की मुद्राओं पर स्वत: दबाव आता है और यह दबाव बढ़ते विदेशी निवेश बहिर्वाह, अस्थिर वैश्विक बाजार और तेल-कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण और भी घना हो जाता है। इसी वजह से भारतीय रुपये की अंतरराष्ट्रीय मजबूती अक्सर वैश्विक परिस्थितियों से निर्धारित होती है, न कि केवल भारत की घरेलू आर्थिक क्षमता से जो महत्वपूर्ण कारक है। अगर हम वास्तविक प्रभावी विनिमय दर आरईईआर) के नज़रिए से देखनें की करें तो तस्वीर अपेक्षाकृत संतुलित दिखाई देती है। यह दर व्यापारिक प्रतिस्पर्धा, मुद्रास्फीति और क्रय-शक्ति के आधार पर तय होती है। कई वर्षों के विश्लेषण से पता चलता है कि रुपया नाममात्र गिरता हुआ दिखता है, लेकिन वास्तविक प्रतिस्पर्धात्मकता उतनी खराब नहीं होती जितनी यूएसडी/आईएनआऱ दर को देखकर समझा जाता है। इसका एक कारण यह भी है कि भारत का निर्यात आधार विस्तार कर रहा है, सेवा-क्षेत्र वैश्विक स्तर पर प्रमुख है, और घरेलू बाजार की स्थिरता बाहरी दबावों को किसी हद तक संतुलित करती है। यदि हम भारतीय रुपये की तुलना अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं से करें, विशेषकर विकसित और विकासशील देशों की प्रमुख मुद्राओं से, तो वर्तमान स्थिति इस प्रकार उभरती है कि आईएनआऱ अधिकांश अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले कमजोर है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग 89- 90 रुपये का मूल्य बताता है कि पिछले एक दशक में रुपये ने धीरे-धीरे कमजोरी दिखाई है। यूरो, ब्रिटिश पाउंड और जापानी येन जैसी स्थिर मुद्राओं के मुकाबले भी आईएनआऱ का मूल्यांकन दर्शाता है कि भारत को अभी भी वैश्विक आर्थिक धारा में अधिक स्थिरता प्राप्त करने की आवश्यकता है। हालांकि यह भी ध्यान देने योग्य है कि मुद्रा की कमजोरी हमेशा नकारात्मक संकेत नहीं होती, कई देश जानबूझकर अपनी मुद्रा को प्रतिस्पर्धी बनाए रखते हैं ताकि निर्यात को बढ़ावा मिले और घरेलू उद्योगों को लाभ हो। भारत की परिस्थिति मिश्रित है:कमजोर मुद्रा से निर्यात को कुछ हद तक सहारा मिलता है, लेकिन ऊर्जा- आयात पर भारी निर्भरता भारतीय अर्थव्यवस्था पर महंगा प्रभाव डालती है।यदि मध्य एशियाई देशों, जैसे कज़ाख़स्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान या तुर्कमेनिस्तान की मुद्रा के मुकाबले आईएनआर की स्थिति का आकलन किया जाए, तो स्पष्ट होता है कि यहाँ आईएनआऱ कुछ मामलों में अधिक स्थिर दिखाई देता है। कई मध्य एशियाई देशों की मुद्रा राजनीतिक अस्थिरता, राजकोषीय सीमाओं और व्यापारिक निर्भरता के कारण अधिक उतार-चढ़ाव का सामना करती है। ऐसे में आईएनआर अपेक्षाकृत स्थिर मुद्रा है, जिससे भारत और मध्य एशिया के बीच व्यापारिक संबंधों में सकारात्मक अवसर बनते हैं। चूंकि भारत इन देशों के साथ ऊर्जा, रक्षा, शिक्षा, फार्मास्यूटिकल और तकनीकी सहयोग बढ़ा रहा है, इसलिए आईएनआऱ का इन क्षेत्रों में लेन-देन मूल्य धीरे-धीरे बढ़ सकता है। भारतीय रुपये के भविष्य की बात करें तो विशेषकर विज़न 2047 के संदर्भ में, तो तस्वीर अत्यंत रोचक और बहुआयामी है। भारत का लक्ष्य 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का है। यदि यह लक्ष्य आर्थिक संरचना, नीति-निर्माण, उद्योग-विकास, अवसंरचना विस्तार और तकनीकी शक्ति के आधार पर पूरा होता है, तो निश्चित ही आईएनआर की वैश्विक स्थिति आज की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगी। भारत 2047 तक 26 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अनुमान के साथ चलता है, जहाँ प्रति व्यक्ति आय में भी कई गुना वृद्धि होगी। इस तरह की विशाल आर्थिक क्षमता मुद्रा की अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता को स्वाभाविक तौर पर बढ़ाएगी।

साथियों बात अगर हम 2047 के भारत में रुपया कैसा होगा, इसको समझने की करें तो यह सवाल आर्थिक नीति-निर्माताओं, बाज़ार विशेषज्ञों और वैश्विक निवेशकों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। यदि भारत वर्तमान विकास दर को बनाए रखता है, ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाता है, विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत करता है, व्यापार-घाटा नियंत्रित रखता है, और अधिक देशों के साथ रुपये में व्यापार शुरू करता है, तो यह संभव है कि आने वाले वर्षों में आईएनआर अधिक स्थिर और मजबूत मुद्रा के रूप में उभरे। इसके अलावा, डिजिटल मुद्रा (सीबीडी सी, सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी), फिनटेक, डिजिटल भुगतान, और वैश्विक मुद्रा- विनिमय नेटवर्क में भारत की सक्रियता रुपये की स्वीकार्यता बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगी।2047 में आईएनआऱ की संभावित विनिमय दर का अनुमान लगाना कई अनिश्चितताओं के कारण कठिन है। परंतु विकासशील और विकसित होने की दिशा में बढ़ रहे भारत की आर्थिक संरचना बताती है कि रुपये का अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकन आज जैसा नहीं रहेगा। यह मजबूत भी हो सकता है, स्थिर भी हो सकता है, और वैश्विक मुद्रा-प्रणाली में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा सकता है। यदि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात-प्रधान बनती है तो आईएनआऱ की मजबूती बढ़ेगी। यदि भारत ऊर्जा -आयात पर निर्भरता कम करता है और रक्षा, तकनीक, एआई, फार्मा, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में अग्रणी बनता है, तो आईएनआऱ का मूल्यांकन आज की तुलना में कहीं अधिक अनुकूल हो सकता है।रुपये की मज़बूती केवल डॉलर की तुलना से नहीं मापी जाती। किसी भी मुद्रा की प्रभावशाली स्थिति उसके क्रय-शक्ति, स्थिरता, वैश्विक उपयोग, व्यापार-संतुलन और निवेशकों के भरोसे से तय होती है। भारत आज यह भरोसा लगातार बढ़ा रहा है, और यदि यह यात्रा 2047 तक सही दिशा में चलती रही, तो आईएनआऱ एक ऐसी मुद्रा हो सकती है जिसे दुनिया केवल उभरती अर्थव्यवस्था की मुद्रा के रूप में नहीं, बल्कि विकसित और स्थिर आर्थिक शक्ति के रूप में पहचानेगी। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि, भारतीय रुपये का भविष्य बेहद हद तक भारत की आर्थिक नीतियों, वैश्विक परिदृश्य, राजनीतिक स्थिरता, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों पर निर्भर करेगा। यदि भारत वैश्विक व्यापार में बड़े पैमाने पर रूपये-आधारित लेन-देन की दिशा में सफल कदम उठाता है, डॉलर पर निर्भरता घटाता है, और डिजिटल- वित्तीय व्यवस्था में नेतृत्व भूमिका निभाता है, तो 2047 में आईएनआऱ उस स्थिति में हो सकता है जिसकी आज केवल कल्पना की जा रही है, एक स्थिर, मजबूत, विश्वसनीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में स्वीकार्य मुद्रा।



संकलनकर्ता लेखक-**किशन सनमुखदास भावनानी**, गोंदिया, महाराष्ट्र

## आंचलिक

# आदिवासी क्रांतिवीर टंट्या मामा की प्रतिमा में घोटाला, धातु के बजाय फाइबर लगाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● आदिवासी नायक टंट्या मामा 'रॉबिन हुड ऑफ इंडिया' की मूर्ति को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। नगर पालिका ने करीब 10 लाख रुपए की धातु (ब्रॉन्ज/पत्थर) की मूर्ति खरीदने का टेंडर जारी किया था। इसकी जगह करीब 1 लाख रुपए की फाइबर से बनी मूर्ति लगा दी गई। विधायक बालकृष्ण पाटीदार और कलेक्टर भव्या मित्तल ने लोकार्पण भी कर दिया। मामला सामने आने के बाद आदिवासी समाज में नाराजगी है और प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।नगर पालिका परिषद ने 24 सितंबर 2025 को टंट्या मामा तिराहे के सौंदर्यीकरण के लिए 40 लाख रुपए की मंजूरी दी थी। बाद में जेम पोर्टल पर मूर्ति खरीदने का टेंडर डाला गया, जिसमें मूर्ति का मटेरियल ब्रॉन्ज, मार्बल या संगमरमर बताया गया था। टेंडर में 7.5 फीट ऊंची और करीब 300 किलो वजन की धातु की मूर्ति का उल्लेख था, लेकिन इसके उलट फाइबर की की मूर्ति मंगवा ली।

### आदिवासी समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी

जयस प्रदेश संरक्षक शिवभानु सिंह सोलंकी का कहना है क्रांतिवीर टंट्या मामा की कांसे की प्रतिमा लगाना थी। एक लाख रुपए की प्रतिमा लगाकर आदिवासी समाज की भावनाओं को आहत किया गया है। घोषणा अनुरूप मूर्ति नहीं लगाई जाती है तो चरण पद आंदोलन किया जाएगा। टंट्या मामा चौराहा पर पहले भी लगातार शराब दुकान हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

खरगोन नगर पालिका सीएमओ कमला कौल का कहना है पीआईसी की बैठक में कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर धातु की मूर्ति लगाने का निर्णय लिया है। मामले में जल्दबाजी में गलती तो हुई है। भौतिक सत्यापन नहीं करने वाले इंजीनियरों को नोटिस दिए गए है। विभागीय जांच भी करा रहे हैं। कंपनी का भुगतान रोक दिया गया है। यह मूर्ति लगाने की घोषणा दिसंबर 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की थी। इसके बाद 15 नवंबर 2025 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मूर्ति का लोकार्पण किया गया। इसकी लोकार्पण वाली शिला पर मुख्य अतिथि सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, विशेष अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार, नंदा ब्राम्हणे और छाया अरुण जोशी के नाम लिखे हैं। लोकार्पण के बाद ही मूर्ति के फाइबर की होने की शिकायतें मिलने लगीं। जांच में गड़बड़ी सामने आने पर कलेक्टर ने ठेकेदार को अपने खर्च पर नई मूर्ति लगाने के निर्देश दिए थे। नगर पालिका ने भुगतान पर रोक लगा दी और मूर्ति सप्लाई करने वाली एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया। हालांकि, अब तक न तो कंपनी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई हुई है।





### दो इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस, जवाब नहीं मिला

खरगोन नगर पालिका में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की मंगलवार की बैठक में चार माह के भीतर कांसे की प्रतिमा लगाने, पिनाक ट्रेडिंग कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने व लापरवाह इंजीनियरों पर कार्रवाई का निर्णय लिया गया। बुधवार को सीएमओ कमला कौल ने दो इंजीनियर मनीष महाजन और जितेंद्र मीणा को नोटिस दिए। मूर्ति के भौतिक सत्यापन की जवाबदेही उनकी की गई थी। 2 दिन बाद भी दोनों इंजीनियरों ने अपना जवाब प्रस्तुत नहीं किया है।

# कृषि रथ से किसानों को दी योजनाओं की जानकारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● रायपुर पंचायत में बुधवार को ग्राम स्तरीय कृषक संगोष्ठी हुई। इसमें उप संचालक कृषि डॉ. आनंद कुमार बड़ोनिया ने किसानों को कृषक कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। इसी दिन कृषि रथ भी गांव पहुंचा। कृषि रथ का उद्देश्य योजनाओं का प्रचार, प्रधानमंत्री धन धान्य योजना, ई-विकास प्रणाली के तहत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था और पराली प्रबंधन की जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि मप्र शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा हर विकासखंड में कृषि रथ चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य और रेशम विभाग की योजनाएं और तकनीकी जानकारी दी जा रही हैं। कार्यक्रम में सरपंच सुरेश टेकाम, जनपद सदस्य सूर्यकांत मर्सकोले, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रामकुमार उइके, सहायक तकनीकी प्रबंधक कृष्णा यादव, कृषि विस्तार अधिकारी किरण कन्नौजे, ग्राम पंचायत सचिव और गांव के किसान मौजूद रहे।



# कसरावद में मैराथन और पतंग महोत्सव, 565 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, 12 विजेता पुरस्कृत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● कसरावद में बेहतर स्वास्थ्य के लिए मैराथन और पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौड़ में 565 प्रतिभागियों सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पूर्व कृषिमंत्री और स्थानीय विधायक सचिन यादव ने भी मैराथन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर 'नशामुक्त और स्वस्थ कसरावद मेरा अभिमान' की शपथ भी दिलाई गई। गुरुवार को सुभाष यादव फाउंडेशन बोरावां द्वारा आयोजित इस दौड़ में 3 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दो श्रेणियां रखी गई थीं। विधायक ने बताया कि दौड़ का मुख्य उद्देश्य युवाओं और नागरिकों को नशामुक्ति, स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवन शैली के प्रति जागरूक करना है।

मैराथन के कुल 12 विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। 3 किलोमीटर की मैराथन में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम विजेता अभिषेक को 11 हजार रुपए, द्वितीय विजेता शिवम को 5100 रुपए और तृतीय शिवलाल को 2100 रुपए का नकद पुरस्कार मिला।बालिका वर्ग में प्रथम विजेता अर्चना चौहान को 11 हजार रुपए, द्वितीय सलिता गोवहले को 5100 रुपए और तृतीय मुस्कान राजपूत को 2100 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। 5 किलोमीटर की मैराथन के पुरुष वर्ग में राजू यादव ने 21 हजार रुपए के साथ प्रथम, उपेंद्र पाल ने 11 हजार रुपए के साथ द्वितीय और सूर्य प्रकाश यादव ने 5100 रुपए के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

महिला वर्ग में पूनम पाल को 21 हजार रुपए, तनु को 11 हजार रुपए और पलक मेवाड़े को 5100 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। संक्रांति पर्व के अवसर पर पतंग महोत्सव भी मनाया गया, जिसमें 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश बागदरे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष परसराम यादव, अनिल यादव, जिला खेल अधिकारी पवी दुबे, हबीब बेग मिर्जा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# मोबाइल रिपेयरिंग सीख आत्मनिर्भर बनेंगे विद्यार्थी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● शासकीय महाविद्यालय में बुधवार से 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्राचार्य नीतू जायसवाल माहोरे ने कहा- उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावहारिक कौशल देकर आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण प्रभारी अजाबराव इवने ने बताया, इस अल्पावधि कोर्स के लिए 40 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। रोजाना 2 घंटे का प्रशिक्षण होगा। इसमें मोबाइल हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, फॉल्ट डिटेक्शन, ट्रबलशूटिंग और रिपेयरिंग का पूरा व्यावहारिक अभ्यास कराया जाएगा। कोर्स पूरा होने पर सभी को प्रमाण पत्र मिलेगा। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रशिक्षण अजय सोनी दे रहे हैं। उन्होंने भोपाल और भुवनेश्वर में विशेष प्रशिक्षण लिया है। कार्यक्रम में छात्र और स्टाफ मौजूद रहा।



# डीपीएस राऊ मे एचएमजी क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** • 8 से 13 जनवरी तक डीपीएस राऊ द्वारा आयोजित दुसरी एचएमजी अंडर 12 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। पुरस्कार वितरण डीपीएस राऊ की प्रिंसिपल श्रीमती आशा नायर के मुख्य आतिथ्य एवं वाइस प्रिंसिपल श्रीमती वैशाली खरनाल की अध्यक्षता मे किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्पोर्ट्स मैनेजर अनुराग हार्डिया ने किया। आभार कोच नरेंद्र गोदरिया ने माना।



प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डीपीएस निपानिया और केटेलाइस्ट वर्ल्ड स्कूल के मध्य खेला गया जिसमे डीपीएस निपानिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर मे 117 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए केटेलाइस्ट वर्ल्ड स्कूल की टीम ने 15 खेलते हुए केवल 90 रन ही बना पाई और डीपीएस निपानिया की टीम ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। विजेता टीम के अभिराज अजमेरा को 37 रन और 2 स्टमपिंग के लिए मेन ऑफ़ द मैच चुना गया। बेस्ट बेट्स मेन हरित पडरिया (66 रन), बेस्ट बॉलर नवांस रोमडे (4 विकेट), मेन ऑफ़ द सीरिज जतिन पटेल (89 रन, 3विकेट) बने। प्रतियोगिता के तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच मे एमरल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल ने डीपीएस राऊ को 5 विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता मे अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# 'हक' को सशक्त और भावनात्मक फिल्म बताया करण जौहर ने

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'हक' फिल्म को लेकर निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने सोशल मीडिया पर एक लंबा और भावनात्मक पोस्ट लिखा, जिसने न सिर्फ दर्शकों बल्कि फिल्म इंडस्ट्री का भी ध्यान खींच लिया। करण की इस सराहना पर यामी गौतम, निर्देशक सुपर्ण एस वर्मा और अभिनेत्री सोन्या अयोध्या ने भी अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में 'हक' को एक बेहद सशक्त और भावनात्मक फिल्म बताया। उन्होंने लिखा कि फिल्म की कहानी और मुख्य किरदार शाजिया बानो की जीत ने उन्हें अंदर तक झकझोर दिया। करण के अनुसार, फिल्म खत्म होने के बाद वह कुछ देर तक बोल नहीं पाए और अपने आप तालियां बजाने लगे। उन्होंने यह भी अफसोस जताया कि वह इस फिल्म को सिनेमाघर में नहीं देख सके। करण ने लिखा कि लंबे समय बाद किसी अभिनय ने उन्हें इस कदर प्रभावित किया है। यामी गौतम के अभिनय की तारीफ करते हुए करण जौहर ने कहा कि उनके काम को सिर्फ शानदार या बेहतरीन कह देना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने यामी की खामोशी, उनकी आंखों के भाव, संवाद अदायगी और पूरे आत्मविश्वास को अभिनय की मिसाल बताया।






# डेविस कप के लिए नागल और भांबरी भी भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • भारतीय टीम 7 और 8 फरवरी को बेंगलुरु में होने वाले टेनिस डेविस कप टेनिस 2026 क्वालिफायर्स में नीदरलैंड का मुकाबला करेगी। इसके लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गयी है। टीम में अनभवी खिलाड़ी सुमित नागल के अलावा युकी भांबरी, करण सिंह और दिग्विजय सिंह को शामिल किया गया है। भांबरी, नागल और करण को मुख्य टीम में जबकि दिग्विजय को रिज़र्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। नागल के साथ ही करण सिंह और धक्षिणेश्वर सुरेश एकल मुकाबलों में उतरेंगे। वहीं , अनुभवी युकी भांबरी और रित्विक बोल्लीपल्ली युगल में उतरेंगे। करण ने पिछले साल विश्व ग्रुप प्ले-ऑफ में टोगो के खिलाफ डेविस कप में अपने पहले ही मुकाबले में जीत हासिल की थी। भारतीय टीम ने पिछले साल सितंबर में स्विट्ज़रलैंड के बिएल में खेले गए डेविस कप 2025 विश्व ग्रुप मुकाबले में 3-1 से जीत दर्ज कर 2026 क्वालिफायर्स में जगह बनाई थी , जिसमें नागल ने दो मुकाबले जीतकर अहम भूमिका निभाई थी।





# टी20 विश्वकप के लिए कनाडा ने घोषित की टीम, दिलप्रीत को बनाया कप्तान

**ओटावा (एजेंसी)** • अगले माह भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए कनाडा ने 15 सदस्यीय क्रिकेट टीम घोषित कर दी है। दूसरी बार टी20 विश्वकप में भाग ले रही कनाडाई टीम की कप्तानी दिलप्रीत बाजवा को दी गयी है। पूर्व कप्तान साद बिन जफर, कलीम सना, दिलोन हेलीगर, निकोलस किर्टन और नवनीत धालीवाल को भी टीम में शामिल किया गया है। कनाडा की टीम को विश्वकप के लिए ग्रुप डी में रखा गया है। इसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान और यूएई की टीमें भी शामिल है। कनाडा की टीम टूर्नामेंट में पहला मैच 9 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी। कनाडा की टीम के सभी ग्रुप स्तर के मैच भारत में ही खेले जाएंगे।

# फराह खान ने नुसरत भरूचा की खुलकर की तारीफ

**मुंबई (एजेंसी)** • फराह खान ने अभिनेत्री नुसरत भरूचा की खुलकर तारीफ की। द फराह खान शो व्लॉग्स के सिलसिले में फराह नुसरत के घर पहुंची। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने न सिर्फ फिल्मों को लेकर बातें कीं, बल्कि एक्ट्रेस के घरेलू और सादगी भरे अंदाज को भी दिखाया। अपने व्लॉग्स में फराह सेलिब्रिटीज के घर जाकर उनके किचन में उनके साथ नई-नई रेसिपीज बनाती हैं। इसके साथ ही दर्शकों को उनके घर का टूर भी करवाती हैं। खाना बनाते-बनाते मजेदार बातें होती रहती हैं। नुसरत भरूचा ने फराह खान के लिए मटन उप्पु करी डिश बनाई। फराह खान ने नुसरत की कुकिंग की तारीफ करते हुए कहा कि उनमें एक घरेलूपन है, जो उन्हें बाकी कलाकारों से अलग बनाता है। फराह खान ने नुसरत की मां को भी चर्चा में शामिल किया। उन्होंने बड़ी सहजता से पूछा कि बतौर दर्शक उन्हें अपनी बेटी की कौन-सी फिल्म सबसे ज्यादा पसंद है। नुसरत की मां ने बिना किसी झिझक के सोनू के टीटू की स्वीटी और अकेली का नाम लिया। यह सुनते ही फराह खान ने खासतौर पर फिल्म अकेली का जिक्र किया और नुसरत की परफॉर्मेंस को शानदार बताया। फराह खान ने कहा कि अकेली जैसी फिल्म करना आसान नहीं होता। उन्होंने नुसरत से कहा, पूरी फिल्म में वह अकेली स्क्रीन पर थीं और कहानी का पूरा बोझ उन्हीं के कंधों पर था। फराह ने मजाकिया अंदाज में कहा, फिल्म इतनी इंटेंस थी कि देखते समय उनका ब्लड प्रेशर तक बढ़ गया।

## उज्जैन संभाग

# फिर बढ़ी ठंड,कोहरे की चादर में लिपटा शहर

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** • गुरुवार को एक बार फिर ठिठुरन बढ़ गई। रात के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठंड का असर तेज हो गया। बीती रात उज्जैन का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सर्द हवाओं के चलते लोगों को दो दिन की राहत के बाद फिर कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। सुबह से ही उज्जैन शहर घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। नानाखेड़ा, इस्कॉन मंदिर क्षेत्र, कोठी रोड, ऋषिनगर और महानंदा नगर सहित कई इलाकों में दृश्यता बेहद कम रही। कोहरे का असर सुबह करीब 8 बजे के बाद कुछ कम हुआ, लेकिन तब तक आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



### वाहन धीमे चलाने पड़े

कोहरे के कारण उज्जैन से इंदौर, देवास और मक्सी की ओर जाने वाले वाहन चालकों को भी दिक्कत हुई। कई जगह वाहनों की रफ्तार धीमी करनी पड़ी। खासतौर पर सुबह जल्दी काम पर निकलने वाले लोगों को ठंड और कोहरे दोनों से जूझना पड़ा।

### दो दिन ऐसा ही मौसम रहने की संभावना

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों में दिखने लगा है, जिससे ठंड बढ़ रही है। बीते दो दिनों में न्यूनतम तापमान 2 डिग्री तक गिर गया है। जहां 12 और 13 जनवरी की रात को तापमान 11 डिग्री सेल्सियस था, वहीं अब यह घटकर 9 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले एक-दो दिन तक इसी तरह ठंड बनी रह सकती है। ऐसे में लोगों को सुबह-शाम

# उज्जैन में हर्बल वन मेला लगेगा, 12 से 16 फरवरी तक दशहरा मैदान में आयोजित होगा



दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** •मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले में पहली बार वन मेले का आयोजन किया जाएगा। विंध्य हर्बल मेले का आयोजन महाशिवरात्रि पर्व की अवधि के दौरान 12 फरवरी से 16 फरवरी तक दशहरा मैदान उज्जैन में वन विभाग के देखरेख में आयोजित किया जाएगा।

वन मेला का शुभारंभ 12 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। मेले के आयोजन के दौरान महाकाल मंदिर से मेला परिसर तक नि:शुल्क बस सेवा चलेगी। महाकाल की नगरी उज्जैन में पहली बार वन मेले में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के हर्बल उत्पाद, आयुर्वेदिक औषधियां, वनोपज पर आधारित हस्तशिल्प कला कृतियां आंचलिक व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे।

इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों के साथ प्रदेश के जिलों में मिलने वाली जड़ी बूटियां और वनोपज लोगों को देखने व खरीदने को मिलेगी। मेले में लोगो को वन, पर्यावरण, वन्यजीव संरक्षण, आयुर्वेद और पारंपरिक ज्ञान, वनोपज हर्बल उत्पादों, आयुष, स्वास्थ्य, जैव विविधता एवं जनजातीय संस्कृति की जानकारी मिलेगी।

मेले में मध्य प्रदेश से हर्बल उत्पाद, विंध्य हर्बल के 140 से अधिक उत्पाद रखे जाएंगे। इनमें महुए से बनी बॉडी लोशन, एंटी एजिंग क्रीम, बच्चों के लिए ग्रोविट, महुआ युक्त च्यवनप्राश, लैब टेस्टेड जंगल की शहद और शिलाजीत शामिल हैं। सरकारी ब्रांड होने, लैब टेस्ट रिपोर्ट और आयुर्वेदिक प्रोसेसिंग के कारण इन उत्पादों की विशेष पहचान रहेगी।

मेले के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हर्बल कार्यशाला और क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित होंगे। प्रतिदिन 200 से अधिक आयुर्वेदिक चिकित्सक नि:शुल्क परामर्श देंगे। मेले में मध्य प्रदेश वन विभाग की विभिन्न शाखाओं की योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। बच्चों और युवाओं के लिए मेले का सबसे बड़ा आकर्षण चीता परिवार का विशाल स्कल्पचर रहेगा।

लोकनृत्य, लोकसंगीत, नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के लिए चित्रकला एवं प्रकृति आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही जंगली वन्य प्राणियों को पकड़ने में उपयोग होने वाला बोमा भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को वन, जैव विविधता की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

# 1.85 करोड़ की धोखाधड़ी का खुलासा, पुलिस जांच में जुटी, एक आरोपी गिरफ्तार

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** • नीलगंगा थाना क्षेत्र में करीब 1 करोड़ 85 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अंबर कॉलोनी निवासी फरियादी विजया हारेल ने 24 दिसंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

फरियादी के अनुसार, उन्होंने सिंगरौली में 'मैक रेकॉन' नामक कंपनी में संजीव सिंह और निशिकांत मिश्रा के साथ साझेदारी में एक फर्म स्थापित की थी। यह फर्म पुरानी भारी मशीनरी को नवीनीकृत और मरम्मत कर नया बनाकर निर्यात या पुनर्विक्रय का कार्य करती थी। विजया हारेल ने कंपनी में 1 करोड़ 85 लाख रुपए का निवेश किया था। आरोप है कि अन्य दोनों साझेदारों ने इस राशि का दुरुपयोग किया। उन्होंने रकम अपने खातों या अपने परिचितों के खातों में स्थानांतरित कर ली, जिससे फरियादी के साथ धोखाधड़ी हुई।

मामले की जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ साइबर धोखाधड़ी से जुड़े अन्य मामले भी दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, हरियाणा में भी उनके विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध है। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी निशिकांत मिश्रा को हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं, दूसरे आरोपी संजीव सिंह की तलाश नीलगंगा पुलिस कर रही है। पुलिस का कहना है कि संजीव सिंह को भी जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस जांच में यह जानकारी भी सामने आई है कि आरोपियों के खातों में देश के विभिन्न राज्यों से साइबर धोखाधड़ी की राशि आई है। ऐसे में संभावना है कि उनके खिलाफ अन्य राज्यों में भी साइबर धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हो सकते हैं। फिलहाल, नीलगंगा पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में शामिल सभी तथ्यों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है और आगे और भी खुलासे होने की संभावना है।




# चायनीज मांझे से महिला के पैरों में घाव, दो युवकों का गला कटा

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** • मकर संक्रांति पर चाइनीज मांझे का खौफ पूरे शहर में दिखा। सुबह से हादसे शुरू हुए, जो शाम तक जारी रहे। हर गली और सड़क पर लोग सतर्क नजर आए। पुरुषों ने गले में मफलर और गमछा लपेटा। महिलाएं चुनरी और दुपट्टे से चेहरा और गर्दन ढंककर निकलीं। दोपहिया वाहन चालकों ने बाइक के आगे लोहे की तार तक बंधवाई। कई लोग बच्चों को बाइक पर बैठाने से बचते दिखे। आगर नाके के पास रतलाम निवासी अंतर बंजारा (28) बाइक से जा रहे थे। अचानक गले में मांझा उलझ गया। गला गहराई तक कट गया। खून बहने लगा। राहगीरों ने तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने गले में आठ टांके लगाए। डॉक्टरों के अनुसार समय पर इलाज नहीं होता तो जान को खतरा हो सकता था। कुछ देर बाद फाजलपुरा मंडी में सब्जी लेने गई सीमा पति भीमराज (45) मांझे की चपेट में आ गईं। मांझा दोनों पैरों से होकर गुजरा। दोनों पैरों में गहरे घाव हो गए। दर्द से तड़पती महिला को साथ आई महिलाओं ने जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने मांझा निकाला। दाएं-बाएं पैर में कुल सात टांके लगाए। महिला को कुछ समय अस्पताल में भर्ती रखा गया।

न्यूज ब्रीफ

## आबकारी विभाग की कार्रवाई में अवैध मदिरा एवं वाहन जप्त

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार में अवैध मदिरा के परिवहन, भण्डारण एवं क्रय-विक्रय पर प्रभावी कार्रवाई निरन्तर जारी है। कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में वृत्त-काछी मोहल्ला के उप निरीक्षक भगवानदास अहिरवार एवं आबकारी अमले द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई क्षेत्र में गश्त के दौरान शंका के आधार सफेद रंग चार पहिया वाहन को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 18 बोतल ओल्ड मौन्क रम विदेशी मदिरा अवैध परिवहन की जा रही थी, जिसे जप्त की गई। वाहन चालक देवेन्द्र पिता ओमकार खण्डेलवाल निवासी 223 खातीवाला टैंक इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। जब्त मदिरा और वाहन की कुल बाजार मूल्य 5 लाख 12 हजार 600 रुपये कीमत है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में आरक्षक सुश्री सीमा भूरिया, श्री योगेश कुमार मोहविया का सराहनीय योगदान रहा।

## स्वच्छता में नंबर-1 बनाने वाले कर्मचारियों की जेब पर डाका- कांग्रेस

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • जिला कांग्रेस सेवादल के का अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल,ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश जोशी ने बताया इंदौर को देश में स्वच्छता का सिरमौर बनाने वाले नगर निगम कर्मचारी आज खुद शोषण, अपमान और आर्थिक लूट का शिकार हो रहे हैं। बीते दो महीनों से नगर निगम द्वारा मास्टर, विनियमित एवं स्थायी कर्मचारियों की तनख्वाह से एक हजार से तीन हजार रुपये तक जबरन कटौती की जा रही है, जिससे शहर के लगभग 10 हजार से अधिक सफाई कर्मियों और निगम कर्मचारियों का जीवन-यापन संकट में पड़ गया है। सबसे गंभीर और निंदनीय तथ्य यह है कि इस वेतन कटौती को लेकर न तो कोई लिखित आदेश मौजूद है और न ही लेखा विभाग व स्थापना शाखा कोई जवाब देने को तैयार है। जब कर्मचारी अपनी मेहनत की कमाई के बारे में सवाल पूछते हैं, तो उन्हें धमकाकर चुप कराने की कोशिश की जाती है। यह रवैया पूरी तरह तानाशाही, मजदूर-विरोधी और गैर-कानूनी है।

### आज एमआईसी बैठक में रखा जाएगा मंजूरी के लिए प्रस्ताव

# नगर निगम लेगा 1530 करोड़ का कर्ज

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • इंदौर नगर निगम अपने इतिहास का सबसे बड़ा लोन अमृत योजना-2 के लिए लेने जा रहा है। इस योजना के तहत इंदौर में नर्मदा का चौथा चरण लाया जाएगा, साथ ही 900 किलोमीटर नर्मदा की लाइनें डाली जाएगी। नर्मदा जल वितरण के लिए नई टंकियां बनाई जाएंगी। इसके अलावा शहर में जल वितरण व्यवस्था के ढांचे को बदला जाएगा।

**948 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से मिलेंगे :** इंदौर में अमृत योजना-2 लगभग 2478 करोड़ रु. की बनाई गई है। केंद्र सरकार द्वारा इस योजना के तहत काम करने के लिए 948 करोड़ की ग्रांट इंदौर नगर निगम को मिलेगी, बची 1530 करोड़ की राशि की भरपाई नगर निगम लोन लेकर पूरी करेगा। इसके लिए निगम ने प्राथमिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस योजना के तहत इंदौर शहर की साल 2040 तक पानी और ड्रेनेज की जरूरतों को पूरा करना है।



**नर्मदा के चौथे चरण से 400 एमएलडी पानी :** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि साल 2040 तक इंदौर की जनसंख्या 55 लाख से अधिक हो जाएगी। इस लिहाज से पानी और ड्रेनेज की व्यवस्थाएं अभी से जुटानी होंगी। अमृत योजना 2.0 के तहत इंदौर में नर्मदा का चौथा चरण लाया जाएगा। इसके लिए 80 किमी की नर्मदा लाइन जलूद से बिजलपुर नर्मदा कंट्रोल रूम तक डाली जाएंगी। इससे 400 एमएलडी पानी प्रतिदिन मिलेगा।

**आज मिलेगी मंजूरी :** यह प्रस्ताव आज होने वाली एमआईसी बैठक में चर्चा कर मंजूरी के लिए एजेंडे में शामिल किया गया है। यहां पारित होने के बाद परिषद सम्मेलन में प्रस्ताव मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

**मेट्रो के लिए शिवाजी मार्केट की मल्टीलेवल पार्किंग टूटेगी :** बैठक में शहर के विकास और समस्याओं के निराकरण की दिशा में अहम निर्णय होना है, जिसके लिए 33 प्रस्ताव रखे गए और 10 प्रस्ताव महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अनुशंसा पर रखे जा रहे हैं। सबसे अधिक अहम प्रस्ताव मेट्रो के लिए शिवाजी मार्केट के पास मल्टीलेवल पार्किंग को तोड़ने का है।

### इन प्रस्तावों पर निर्णय

1. पैचवर्क, डामरीकरण,
2. कबीटखेड़ी एसटीपी प्लांट रखरखाव
3. लिम्बोदी तालाब का विकास और जीर्णोद्धार
4. सीवरेज संधारण बजट पर चर्चा
5. नवनर्मित यूरिनल्स और शौचालय संचालन
6. नगर निगम में सीधी भर्ती
7. सराफा चौपाटी के 69 दुकानदारों के संबंध में चर्चा
8.80 डोर टू डोर कचरा कलेक्शन ईवी वाहन खरीदने

## निकाय चुनाव से पहले समाप्त हो जाएगा आयुक्त मनोज श्रीवास्तव का कार्यकाल

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • मप्र राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत और नगरीय निकाय के मुख्य चुनाव (लोकल चुनाव) की तैयारी शुरू कर दी है। निकाय पंचायतों के मुख्य चुनाव वर्ष 2027 जून में प्रस्तावित हैं। और इधर आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव का कार्यकाल वर्ष 2027 अप्रैल में समाप्त हो रहा है। क्योंकि श्रीवास्तव अप्रैल में 66 वर्ष के हो जाएंगे। उनकी नियुक्ति के आदेश 31 दिसम्बर 2024 को हुए थे। आयोग में 6 वर्ष या 66 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक अथवा जो पहले हो, तक की अवधि के लिए नियुक्त की गई है। श्रीवास्तव की जन्म तिथि सात अप्रैल 1961 है, इसके चलते इनका कार्यकाल अप्रैल 2027 को समाप्त हो रहा है।



**बढ़ सकता है कार्यकाल :** स्थानीय निकाय चुनाव की पूरी तैयारियां श्रीवास्तव के समय में हो रही हैं, इसलिए संभावना है कि आयुक्त का कार्यकाल 6 माह के लिए बढ़ सकता है।

**इन आयुक्तों को भी दिया गया था समय :** राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त रहे जीएस शुक्ला और बीपी सिंह का कार्यकाल 6 माह के लिए बढ़ाया गया था। हालांकि इनके कार्यकाल चुनावी कारणों से नहीं बढ़ाए गए थे। वहीं यह भी चर्चा है कि मुख्य सचिव अनुराग जैन अगस्त में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसके चलते इन्हें सरकार आयोग में पुनर्वास दे सकती है। अगले वर्ष जनवरी में अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल भी सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# इंदौर वनडे मैच में रो-को देखने आईएएस, आईपीएस में मची होड़

### प्रशासन, पुलिस अधिकारियों पर टिकट बॉक्स का दबाव

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • इंदौर के होलकर स्टेडियम में रोहित शर्मा और विरोट कोहली (रो-को) देखने आने के लिए पूरे एमपी में वीआईपी के बीच होड़ मच गई है। इस दिन रविवार (18 जनवरी) होने के चलते सबसे बड़ा दबाव वल्लभ भवन भोपाल से आ रहा है। इसके साथ ही पुलिस विभाग के भी कई आला अधिकारी परिवार के साथ मैच देखने की चाहत पाले हुए हैं। वहीं प्रदेश भर से कई अन्य सीनियर अधिकारी टिकट मांग रहे हैं। आईएएस, आईपीएस के लगातार फोन के चलते इंदौर के आला अधिकारी परेशान हैं। आमतौर पर इनके पास 100-200 टिकट की व्यवस्था होती है। इस बार हालत बेहद दबाववाली है। यह टिकट ऊंट के मुंह में जीरे के समान साबित हो रहे हैं।

### 27 हजार ही है स्टेडियम की क्षमता

इंदौर होलकर स्टेडियम की क्षमता 27 हजार दर्शकों की है। इसमें से मुश्किल से आधे टिकट ही एमपीसीए आम दर्शकों के लिए आनलाइन बिक्री में रखता है। स्पॉन्सर और बीसीसीआई के लिए व पूर्व खिलाड़ियों के लिए भी हजारों की संख्या में टिकट अलग रखे जाते हैं। इसके साथ ही एमपीसीए सदस्य, डिविजनल एसोसिएशन के सदस्यों के लिए भी टिकट अलग आरक्षित रखे जाते हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में राजनेताओं के पास भी टिकट जाते हैं। साथ ही वीवीआईपी व कई बड़े विभागों के मुखियाओं के पास भी टिकट जाते हैं। ऐसे में टिकट की मारामारी हमेशा मची रहती है।



### न्यूजीलैंड की धमाकेदार जीत

न्यूजीलैंड ने दूसरे वनडे में भारत को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। भारत द्वारा दिए गए 285 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल के नाबाद 131 रन और विल यंग के 87 रनों के बीच हुई 162 रनों की बेहतरीन साझेदारी की बदौलत 47.3 ओवर में जीत हासिल की।

इससे पहले भारत ने केएल राहुल के शानदार शतक की मदद से 50 ओवर में 284 रन बनाए थे। मिचेल की शतकीय पारी और अंत में ग्लेन फिलिप्स के नाबाद 32 रनों ने मैच को भारत की पकड़ से दूर कर दिया। भारत की ओर से हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट लिया, पर वे कीवी टीम को लक्ष्य हासिल करने से नहीं रोक सके।

### भारत ने न्यूजीलैंड सीरीज : भारत 4 विकेट से जीता

भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 4 विकेट से शानदार जीत हासिल की थी। इससे टीम इंडिया को 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त मिल गई। वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में न्यूजीलैंड ने 300 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। इसे भारत ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल किया। केएल राहुल ने निर्णायक छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई।

### टीआई इंद्रमणि पटेल पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश

# किसी भी थाने में टीआई पटेल हस्तक्षेप करते हैं तो सीपी होंगे जिम्मेदार

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • इंदौर के चर्चित चंदनगर टीआई इंद्रमणि पटेल को हटाने के संबंध में मौखिक आदेश देने के बाद सुप्रीम कोर्ट का औपचारिक आर्डर गुरुवार को आ गया है। इसमें सख्त टिप्पणी की गई है। हालांकि मौखिक आदेश के बाद तत्काल उन्हें लाइन अटैच किया जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने कई अहम बातें इस आदेश में कही हैं। आरोपी अनवर हुसैन पर सुप्रीम कोर्ट का औपचारिक आदेश आ गया है। आरोपी अनवर पर चार की जगह आठ केस बनाने और 176 केस में चिन्हित पाकेट गवाह को पेश करने के मामले में यह आदेश आया है। इस आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि आदेश का इंतजार नहीं करते हुए तत्काल टीआई को लाइन अटैच किया जाए। साथ ही उन्हें अगले आदेश तक किसी भी जांच/पर्यवेक्षण/पुलिस स्टेशन में तैनाती का कोई भी दायित्व नहीं सौंपा जाए।

**तो फिर सीपी होंगे जिम्मेदार :** सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा है कि सुनवाई के दौरान आए तथ्यों से साफ है। कोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी संख्या 4, यानी टीआई पटेल के खिलाफ अंतरिम आदेश जरूरी है।

इसके अलावा, अगर प्रतिवादी संख्या 4, टीआई पटेल के जरिए किसी भी पुलिस स्टेशन में किसी भी मामले में हस्तक्षेप करने की कोशिश की जाती है, तो प्रतिवादी संख्या 5, यानी इंदौर पुलिस कमिश्नर (संतोष सिंह) इसके लिए खुद जिम्मेदार होंगे। उन्हें इस कोर्ट के सामने जवाब देना होगा। इस आदेश के लागू होने का इंतजार किए बिना ही इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी जाए और यह काम तुरंत किया जाए।

**हाईकोर्ट के आदेश का भी दिया उदाहरण :** सुप्रीम कोर्ट ने इंदौर में आकाश तिवारी केस में हाईकोर्ट के आदेश की भी बात की। इस मामले में चंदनगर के एक आरोपी के नहीं मिलने पर उसके पुत्र को ही गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही, उसे हथकड़ी लगाकर थाने में 30 घंटे बैठाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब हम टीआई के आचरण की जांच कर रहे हैं, तब हाईकोर्ट इंदौर में भी एक अलग याचिका में 4 दिसंबर 2012 की यह टिप्पणी भी सामने आई। इसमें सीपी को इन पर कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया। वहीं, बाद में याचिका वापस हो गई। इसलिए हमें लगता है कि इसमें तत्काल निर्देश देने की जरूरत है। हालांकि यह साफ है कि यह आदेश अंतरिम है।




**सीपी का शपथपत्र और एडिशनल डीसीपी की भूमिका देखेंगे :** सुप्रीम कोर्ट में पुलिस के जरिए इस मामले में शपथपत्र पेश किया गया है। इस केस में सीपी, एडिशनल डीसीपी दिक्षेष अग्रवाल और टीआई पटेल तीनों को ही पक्षकार बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में लिखा कि सीपी द्वारा पेश शपथपत्र और एडिशनल डीसीपी की भूमिका पर अगली सुनवाई 3 फरवरी को की जाएगी। उल्लेखनीय है कि आरोपी अनवर हुसैन के अधिवक्ता रितम खरे ने इस शपथपत्र पर आपत्ति ली है। साथ ही, इसे सुप्रीम कोर्ट की आंखों में धूल झोंकने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी चूक में यह सब खानापूर्ति की गई है।

# पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने प्रशासन पर कम समय देने का लगाया आरोप

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 23 मौतों के मामले में इंदौर आ रहे हैं। वह 17 जनवरी को इंदौर आ रहे हैं। इसके साथ ही मनरेगा में हुए बदलाव के विरोध में भी सत्याग्रह किया जाएगा। दौरे की जानकारी पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने दी है।

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने बताया कि हमारे नेता राहुल सुबह दस-साढ़े दस बजे इंदौर आ जाएंगे। प्रशासन ने केवल तीन घंटे के कार्यक्रम की ही मंजूरी दी है। लोकसभा विपक्ष के नेता को समय से बांधा जा रहा है। हमने तो मंजूरी अधिक समय की मांगी थी। भागीरथपुरा घटना को लेकर वह दुखी थे। उन्होंने ट्वीट भी किया था। पूरे प्रदेश से पार्षद भी आ रहे हैं। राहुल के साथ जल विशेषज्ञ भी रहेंगे। पार्षदों को जल जागरूकता दी जाएगी।



**पीड़ितों से मिलेंगे, मीडिया से बात करेंगे-** वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी पीड़ितों से मिलेंगे और उनका दुख बांटेंगे। वह मीडिया से भी रुबरु होंगे और बात करेंगे। सभी जिलाध्यक्षों से कहा गया है कि वह अपने जिले में ही सत्याग्रह करें। हमने भी भागीरथपुरा को लेकर विधायक प्रताप ग्रेवाल, महेश परमार के साथ रिपोर्ट बनाई है वह भी सौंपी जाएगी।

**मंत्री विजयवर्गीय के तंज पर यह बोले-** राहुल गांधी के एक दिन के उपवास रखने पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था कि देश का अन्न बचेगा। इस पर सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि वैसे ही सरकारी गोदामों में सड़ा अनाज भरा हुआ है। वह नहीं खाएंगे तो सेहत ही ठीक होगी। कांग्रेस विपक्ष सही काम के लिए कदम उठाती है तो बीजेपी को बड़ा कष्ट होता है।

बीजेपी के ट्रिपल ईंजन का विकास इंदौर देख चुका है जहां दूषित पानी से ही 23 मौतें हो चुकी हैं। कान्ह नदी की सफाई पर करोड़ों, अरबों रुपए केंद्र से झटक लिए और एक कागज की भी नाव नहीं चल सकी। इंदौर के सारे रास्ते खुदे हैं और नए बन रहे पुल कुछ ही महीने में टूट रहे हैं।

# राहुल गांधी के उपवास पर बोले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, बचेगा देश का एक दिन का अन्न

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी (जीरामजी) योजना पर कांग्रेस के विरोध को देखते हुए बीजेपी भी मैदान में उतर गई है। गुरुवार को इंदौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इसे लेकर प्रेस कांफ्रेंस की और कहा कि कांग्रेस गांधी परिवार से आगे नहीं सोच पाती है, पता नहीं उन्हें राम के नाम से क्या समस्या है।

इधर लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर आ रहे हैं। इस दौरान मनरेगा को लेकर भी कांग्रेसी उपवास रखने और दिन भर विरोध करने की बात कह रही है। मनरेगा को लेकर



राहुल गांधी और कांग्रेसी 17 जनवरी को उपवास भी रखेंगे। इस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने तंज कसा कि एक दिन देश का अन्न भी बचेगा। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि गांधी परिवार के नाम पर 600 योजनाएं हैं, कई पुरस्कार है। जैसे राजीव गांधी खेल पुरस्कार, उनका खेल से कभी कोई लेना-देना नहीं रहा है। इंदिरा जी के समय पहले राष्ट्रीय रोजगार गारंटी आई, फिर नाम नेहरू रोजगार हो गया फिर नरेगा और इसके बाद इसका नाम मनरेगा कर दिया। यह समय के साथ होता है। नई योजना में समय काल के अनुसार अहम बदलाव किया गया है। फसल कटने, बोउनी के समय मजदूर नहीं मिलते हैं। ऐसे में कलेक्टर को अधिकार दिए हैं कि राज्य सरकार किसी समय विशेष पर योजना को रोका जा सकता है ताकि मजदूर मिले। यह देश के हिसाब से कल्पना की गई है। वहीं प्रेस कांफ्रेंस में मंत्री विजयवर्गीय ने जीरामजी योजना के अलावा अन्य राजनीतिक सवालों पर बात नहीं की।

CAMBRIDGE INTERNATIONAL COLLEGE
(Affiliated to DAVV Indore)
APPOINTMENTS
B.Ed, D.El.Ed, BA & B.Com
Principal/ Professor /Associate Professor/ Assistant Professor
Send your CV within 7 days of Publication on
iicindoreofficial@gmail.com
WhatsApp: +91-7880099144
Add : Solsinda, Near Kashi Vishwanath Mandir, Sanwer Road, Indore

OXFORD INTERNATIONAL COLLEGE
(Affiliated to DAVV Indore)
APPOINTMENTS
MBA COURSES
Principal/ Professor /Associate Professor/ Assistant Professor
UNDER GRADUATE COURSES
(Commerce, Management, Science , IT, Arts)
Professor/ Associate Professor/ Assistant Professor
OXFORD COLLEGE OF LAW
(LLB, BA LLB, BBA LLB)
Principal/ Professor/ Associate Professor /Assistant Professor
Send your CV within 7 days of Publication on
oicindore@gmail.com
WhatsApp: +91-7880099144
Add : Jambudi Hapsi, Opp. of Pitra Parvat, Gandhi Nagar, Indore

INDORE INTERNATIONAL COLLEGE
(Affiliated to DAVV Indore)
APPOINTMENTS
MBA COURSES
Principal/ Professor /Associate Professor/ Assistant Professor
UNDER GRADUATE COURSES
(Commerce, Management, Science , IT, Arts)
Professor/ Associate Professor/ Assistant Professor
IIC COLLEGE OF LAW
(LLM, LLB, BA LLB, BBA LLB)
Principal/ Professor/ Associate Professor /Assistant Professor
Send your CV within 7 days of Publication on
iicindoreofficial@gmail.com
WhatsApp: +91-7880099144
Add : Solsinda, Near Kashi Vishwanath Mandir, Sanwer Road, Indore

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।